

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





जैकलीन-सुकेश पर बनेगी डॉक्यू-सीरीज!... पेज 8

रिकलटन और सूर्यकुमार के अर्धशतक... पेज 8



वर्ष : 01 | अंक : 24 | सोमवार- 28 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली लौटीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद रविवार को स्वदेश लौट आईं। फ्रांसिस पिछले लगभग 1,300 वर्षों में पहले गैर-यूरोपीय पोप थे। उनका सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। राष्ट्रपति के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद दिल्ली पहुंचीं। मुर्मू शनिवार को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने वाले भारतीय शिष्टमंडल में राष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डीसूजा भी थे।



### पहलगाम हमले पर राजनीतिक दलों को विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करना चाहिएः सिब्बल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मई में जल्द से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करें। सिब्बल ने कहा, मैंने 25 अप्रैल को सुझाव दिया था कि दुख की इस घड़ी में देश की एकता प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करता हूं कि वे सरकार से मई में जल्द से जल्द ऐसा सत्र बुलाने का आग्रह करें।

सिब्बल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया था ताकि दुनिया को यह संदेश दिया जा सके कि देश एकजुट है।



### सेना के पूर्व उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पट्टाभिरमन का निधन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सेना के पूर्व उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस. पट्टाभिरमन का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष से थे। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व उप प्रमुख को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका निधन शनिवार को हुआ। पोस्ट में कहा गया, जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा भारतीय सेना के सभी रैंक लेफ्टिनेंट जनरल एस पट्टाभिरमन के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। अपने लंबे करियर में लेफ्टिनेंट जनरल पट्टाभिरमन ने बॉम्बे सैपर्स के कर्नल कमांडेंट के रूप में भी काम किया था।



पहलगाम आतंकी हमला

# एनआईए ने जांच के लिए मामला दर्ज किया, सबूतों की तलाश तेज




**नयी दिल्ली (एजेंसी):** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है और आतंकी साजिश का पता लगाने के लिए सबूतों की तलाश तेज कर दी है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद रविवार को जम्मू में मामला दर्ज किया और कई टीम जांच में जुटी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को नृशंस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद स्थानीय पुलिस की सहायता के लिए एनआईए के महानिरीक्षक (आईजी) के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल पर भेजी गई है।

उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम सबूत जुटाने के लिए बुधवार से ही आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए हैं।

एनआईए के एक बयान में कहा गया, एनआईए की टीम आतंकवादियों के बारे में सुराग हासिल करने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन जांच कर रही हैं। फॉरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की सहायता से टीम पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं, ताकि उस आतंकी साजिश का पदार्फाश किया जा सके, जिसके कारण यह भयावह हमला हुआ। इस हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। कश्मीर में हुए सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक को अंजाम देने वाले घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों से भी बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

एनआईए के बयान के अनुसार आतंकवाद रोधी एजेंसी के एक महानिरीक्षक, एक उपमहानिरीक्षक और एक अधीक्षक की निगरानी में गठित टीम जम्मू-कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए हमले के प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही हैं।

लक्षित हमले में आतंकवादियों के एक समूह ने भोजनालयों के आसपास बैठे, टट्टू की सवारी कर रहे या अपने बच्चों और माता-पिता सहित अपने परिवारों के साथ मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले घास के मैदान में पिकनिक मना रहे पर्यटकों की हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारियों की अलग-अलग टीम आतंकवादी हमले में जीवित बचे लोगों से जानकारी लेने के लिए देश भर का दौरा कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह हमला पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) द्वारा कराया गया था।

उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम ने महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए हैं।

### दिल्ली के गृह मंत्री ने लोगों से पाकिस्तानी नागरिकों की जानकारी देने को कहा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने लोगों से राष्ट्रीय राजधानी में निर्धारित समय से ज्यादा समय तक रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने में मदद करने और तत्काल नजदीकी थाने को सूचित करने की शनिवार को अपील की।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल से जारी सभी वीजा (दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक व आधिकारिक वीजा को छोड़कर) रद्द करने की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि इस संबंध में पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत से बाहर जाने की समय सीमा 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक निर्धारित की गई है और इसके बाद उन्हें कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा।



## हर भारतीय का खून खौल रहा है, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगाः मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा।

मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा कि हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन शहर में किया गया यह हमला आतंकवाद के सरपरस्तों की हताशा एवं कायरता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह हमला ऐसे समय में किया गया जब घाटी में शांति और विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रौनक लौट रही थी, निर्माण कार्य में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या रिकॉर्ड दर से बढ़ रही थी, लोगों की आय बढ़ रही थी और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे थे। मोदी ने कहा, देश के दुश्मनों, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को यह रास नहीं आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर में नागरिकों पर हुए इस भीषण आतंकवादी हमले से उनके मन में गहरी पीड़ा है और इस घटना ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के लिए हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है।



### भारत दुनिया में सबसे किफायती, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहाः मोदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक किफायती एवं सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बन गया है और वह भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा कि कई युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप के क्षेत्र में नयी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले केवल एक कंपनी थी लेकिन आज देश में 325 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी। इसरो की करीब एक दशक तक बागडोर संभालने वाले के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया।*

## न्यायाधीशों की अत्यधिक कमी के कारण मामलों की नहीं हो पाती सुनवाईः दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबादी के अनुपात में मुकदमों की संख्या के मद्देनजर न्यायाधीशों की अत्यधिक कमी का उल्लेख किया, जिसके चलते कई मामले अनसुने रह जाते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि ज्यादा संख्या में लंबित मामलों के कारण वह उचित समय के भीतर अपीलों पर निर्णय लेने में असमर्थ है और जब कुछ मामले अनसुने रह जाते हैं, तो यह न्यायाधीश के लिए बेहद पीड़ादायक होता है।

अदालत ने धोखाधड़ी और जालसाजी मामले के एक दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। व्यक्ति ने अपने सामाजिक संबंधों और व्यवसाय के विकास के लिए अल्माटी, कजाकिस्तान और जॉर्जिया में रोटरी क्लब की क्लब असेंबली में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा, मेरे विचार से, चूंकि लंबित मामलों की संख्या अधिक होने के कारण यह न्यायालय उचित समयावधि में अपीलों पर निर्णय करने में असमर्थ है, इसलिए कुछ हद तक यात्रा के अधिकार से भी इनकार नहीं किया जाना चाहिए।




अदालत ने व्यक्ति को पांच लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर एक मई से 11 मई तक विदेश यात्रा की अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि रोटेरी क्लब असेंबली जैसे कार्यक्रम में सामाजिक और व्यावसायिक संबंध विकसित होते हैं।

अदालत ने कहा, जनसंख्या की तुलना में न्यायाधीशों की भारी कमी और मुकदमों की संख्या के कारण, लंबे समय तक नियमित मामलों पर सुनवाई नहीं हो पाती है।

## गौतम गंभीर को धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में इंजीनियरिंग का छात्र गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ईमेल भेजने के आरोप में कथित मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे इंजीनियरिंग के 21 वर्षीय छात्र को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान गुजरात के जिग्नेशसिंह परमार के रूप में हुई है और उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने कहा कि परमार ने 22 अप्रैल को गंभीर को एक संदिग्ध जीमेल अकाउंट से धमकी भरे ईमेल भेजे थे। यह वही दिन था जब आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी।

## देश का विकास मॉडल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ संस्कृति को भी संरक्षित करने वाला हो : गोपाल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव कृष्ण गोपाल ने भारत के लिए एक ऐसे विकास मॉडल की वकालत की है, जो न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला हो बल्कि इसकी संस्कृति, परंपराओं और मूल्य प्रणाली को मजबूत करे और संरक्षित करे। गोपाल ने शुक्रवार को एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अतीत में भारत एशिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक बड़ा औद्योगिक और विनिर्माण राष्ट्र था, लेकिन दुर्भाग्य से देश के लोगों को इसके बारे में पता नहीं है और वे विदेशियों की बातों पर भरोसा करते हैं। यह कार्यक्रम संघ से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच की इकाई स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया गया था।



गोपाल ने कहा, कोई भी आर्थिक प्रगति पर्याप्त नहीं होगी। आर्थिक प्रगति के साथ संस्कार, मूल्य प्रणाली और आध्यात्मिक उत्थान भी आवश्यक है... हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे देश की वैचारिक आधार और संस्कृति भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन लगभग 57 प्रतिशत महिलाएं और 67 प्रतिशत बच्चे एनीमिया के शिकार हैं।

गोपाल ने कहा, भारत में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है... लगभग 25 प्रतिशत बच्चों की लंबाई सामन्य से कम है, जिसका अर्थ है कि उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिलता... जब ऐसी स्थिति है, तो हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि देश अच्छी प्रगति कर रहा है। यह दुखद और चिंताजनक है।

संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि देश के विकास मॉडल में किसानों और कृषि को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कृषि कार्य लाभदायक नहीं है... अगर कृषि को व्यवहार्य बनाना है तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिले।

## दिल्ली सरकार गौशालाओं के सुचारू संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर आवारा गोवंश की समस्या से निपटने की दिशा में कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार गौशालाओं का सर्वेक्षण कराएगी और ऐसी सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बवाना स्थित ग्रामीण गौशाला में एक सार्वजनिक सभा में यह घोषणा की और कहा कि वह, उनके मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गायों को गौ माता मानते हैं। उन्होंने कहा, सड़कों पर घूमती गायों की दुर्दशा और उन्हें कभी-कभी दुर्घटनाओं का शिकार होते देखना हमारे लिए बहुत दुख की बात है। इसके लिए वे लोग जिम्मेदार हैं, जो दूध दुहने के बाद उन्हें भोजन की तलाश में इधर-उधर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। गुप्ता ने कहा, सड़कों पर एक भी गाय को भटकते देखना अस्वीकार्य है। सरकार के साथ-साथ समाज के परोपकारी लोग गायों के वास्ते चारा और आश्रय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली में सभी गौशालाओं का सर्वेक्षण कराएगी और गायों की पूरी तरह से देखभाल सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के वास्ते एक योजना तैयार की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि सड़कों पर बेसहारा घूम रही बूढ़ी और बीमार गायों की देखभाल करना सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की सत्ता में आने के बाद पिछले महीने अपने पहले बजट में भाजपा सरकार ने शहर में आवारा गायों की सुरक्षा के लिए एक कानून लाने की घोषणा की थी। प्रस्तावित कानून में गायों के शोषण, अवैध पशु व्यापार और मालिकों की लापरवाही पर अंकुश लगाने के लिए सख्त प्रवर्तन उपायों को शामिल किया जाएगा। सरकार नयी गौशालाएं बनाने की भी योजना बना रही है और उनके निर्माण एवं रखरखाव के लिए बजट का भी प्रावधान किया जाएगा।



# बढ़ती असमानता देश के लिए चिंताः कांग्रेस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने रविवार को एक विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि बढ़ती असमानता अब देश की आर्थिक वृद्धि की प्रकृति में गहराई से समा गई है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार, खुलेआम किये जा रहे कॉरपोरेट पक्षपात को समाप्त करने और परिवारों को आय सहायता प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि विश्व बैंक ने इस महीने भारत के लिए अपनी गरीबी और समानता रिपोर्ट (पॉवर्टी एंव इक्विटी ब्रीफ) जारी की है और रिपोर्ट में कई गंभीर चिंताएं जताई गई हैं, जबकि मोदी सरकार इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल की कोशिश कर रही है।



विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, पिछले एक दशक के दौरान भारत में गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2011-12 में अत्यधिक गरीबी में जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से कम पर जीवन यापन) का आंकड़ा 16.2 प्रतिशत था, जो 2022-23 में घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया है। इस दौरान 17.1 करोड़ लोग इस रेखा से ऊपर आ गए। रिपोर्ट पर अपने बयान में रमेश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (2.15 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन) के आधार पर किये गए आकलन के अनुसार, हाल के वर्षों में गरीबी में निरंतर गिरावट आई है और यह अब बेहद निम्न स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, यह भारत की विकास गाथा की सफलता को दशार्ता है - जिसकी शुरूआत जून 1991 में उदारीकरण से हुई थी और इसके बाद इसने अपनी गति पकड़ ली है। यह डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा 2004-14 के दौरान शुरू की गई कई महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याण योजनाओं के प्रभाव को भी रेखांकित करता है।

रमेश ने दावा किया कि इसमें सबसे प्रमुख पहल है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005, जिसने करोड़ों परिवारों के लिए वार्षिक आय की एक न्यूनतम सीमा सुनिश्चित कर परिवारों को गरीबी से बाहर रखने के लिए एक सुरक्षा जाल के रूप में कार्य किया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) के लिए आधार प्रदान किया।

हालांकि, उन्होंने बताया कि विश्व बैंक ने भी चेतावनी दी है कि अधिक अद्यतन डेटा (2017 की तुलना में 2021 से क्रय शक्ति समता रूपांतरण कारक को अपनाना) का परिणाम अत्यधिक गरीबी की उच्च दर के रूप में सामने आएगा।

रमेश ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से जुड़ी प्रश्नावली के डिजाइन, सर्वेक्षण की विधि और सैंपलिंग (नमूना एकत्र करने का तरीका) में परिवर्तन से अलग-अलग कालखंड के बीच तुलना करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा, यह याद रखना जरूरी है कि ये बदलाव तब किये गए जब सरकार ने 2017-18 में हुए पिछले सर्वेक्षण को खारिज कर दिया, क्योंकि इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में खपत में गिरावट दिखाई गई थी।

रमेश ने कहा कि निम्न मध्यम आय वाले देश भारत में गरीबी को मापने के लिए उपयुक्त पैमाना 3.65 डॉलर प्रतिदिन की आय है।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

## संपादकीय

### पहलगाम हमले से सबक ले बने रणनीति

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे ? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। हमें पहलगाम आतंकी हमले में अपनों को खोने वाले लोगों के दर्द को संवेदनशील ढंग से महसूस करना चाहिए।



» ललित गर्ग

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीजा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दशार्ते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से



अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निदोर्षों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्ल बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निदोर्षों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्टा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था।

## मुद्दा

### आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद जैसा गंदा काम?

» कमलेश पांडेय

जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निमार्ता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा!

दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को ह से हलंत तक की बात समझा रहा हूँ वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को ह्यउनकेह्ल ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे।

तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है।

इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड्वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते!

यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।

भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं।

## पर्सनालिटी

### ट्रेजडी क्वीन बनकर मीना कुमारी ने इंडस्ट्री पर किया राज

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी ने भारतीय सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान बनाई। अपने शानदार अभिनय की वजह से मीना कुमारी ने हिंदी सिनेमा ने एक खास मुकाम हासिल किया था। फिल्म इंडस्ट्री में मीना कुमारी को ट्रेजडी क्वीन के नाम से जाना जाता था। क्योंकि उनका फिल्मी करियर जितना ज्यादा शानदार था, उनकी पर्सनल लाइफ उतनी ही दुख भरी थी। मीना कुमारी ने बाल कलाकार के तौर पर इंडस्ट्री में कदम रखा था। वह भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और उम्दा अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने अपने 33 साल के फिल्मी करियर में करीब 90 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर मीना कुमारी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

#### जन्म और परिवार

मुंबई में 01 अगस्त 1933 को मीना कुमारी का जन्म हुआ था। उनका असली नाम महजबीं बानो था। महज 4 साल की उम्र में मीना कुमारी ने लेदरफेस से बाल कलाकार के रूप में अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। मीना कुमारी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसकी वजह से उनको कम उम्र से ही काम करना शुरूकर दिया था। एक्ट्रेस की मासूमियत और अभिनय की काबिलियत ने जल्द की लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा और धीरे-धीरे वह बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने लगीं।

#### चार बार जीता फिल्मफेयर अवॉर्ड

50-60 के दशक में मीना कुमारी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी और फेमस अभिनेत्री बन गई थीं। साल 1952 में अभिनेत्री मीना कुमारी को फिल्म बैजू बावरा से बड़ी कामयाबी मिली थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने परिणीता, साहिब बीबी और गुलाम, दिल अपना और प्रीत पराई और काजल जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत लिया। मीना कुमारी की आंखों और आवाज से दर्द बयां करने की कला बेमिसाल थी। मीना कुमारी के करियर की फिल्म पाकीजा उनकी फिल्मी करियर की सबसे बड़ी और यादगार फिल्म मानी जाती है। फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी का किरदार आज भी लोगों के जहन में ताजा है। मीना कुमारी ने तीन बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता।



#### शराब की लत ने छीनी जिंदगी

एक्ट्रेस मीना कुमारी का जीवन सुखद नहीं रहा। पति कमाल अमरोही से अलगाव और निजी जिंदगी से परेशान होकर उन्होंने शराब पीना शुरूकर दिया। उनकी यह आदत सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हुई। वहीं 31 मार्च 1972 को महज 38 साल की उम्र में मीना कुमारी ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। उनकी मौत लिवर सिरोसिस की वजह से हुई।

## आज का इतिहास

#### 28 अप्रॅल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1945 - इटली के देशभक्त सैनिकों द्वारा तानाशाह मुसोलिनी एवं उनकी पत्नी (रखैल) की गोली मारकर हत्या।

1999 - अमेरिकी वैज्ञानिक डाक्टर रिचर्ड सीड द्वारा एक वर्ष के अंदर मानव क्लोन बनाने की घोषणा, विश्वभर में हजारों कम्प्यूटरों को चेर्नोबिल वायरस ने ठप्प किया।

2001 - पहला अंतरिक्ष सैलानी टेनिस टीटो अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना।

2002 - बुकर पुरस्कार का नया नाम मैन बुकर प्राइज फॉर फि क्शन रखा गया, पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के जनमत संग्रह को वैध करार दिया।

2004 - थाबोम्बेकी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। थाइलैंड में पुलिस चौकी पर हमले में 122 लोगों की मृत्यु।

2008 - भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरों) ने पीएसएलवी-सी9 के साथ 10 सैटेलाइट एक साथ छोड़कर एक नया इतिहास रचा।

मलेशिया में भारतीय मूल के दस सांसदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पाकिस्तान की प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो को मरणोपरान्त प्रतिष्ठित टिपरी इंटरनेशनल पुरस्कार प्रदान किया गया।

#### 28 अप्रॅल को जन्मे व्यक्ति

1981 - अनुप्रिया पटेल - भारत की सत्रहवीं लोकसभा की सांसद व नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे युवा मंत्री हैं।



1940 - समीर रंजन बर्मन - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता थे।

1929 - भानु अथैया - भारतीय फि ल्मों की प्रसिद्ध ड्रेस डिजाइनर।

1791 - हरि सिंह नलवा - महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष।

1924 - केनेथ कौंडा - जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति थे।

1897 - ये जियानयिंग - चीन में सेना प्रमुख के अध्यक्ष थे।

#### 28 अप्रॅल को हुए निधन

2022 - सलीम गौस - बॉलीवुड, दक्षिण भारतीय और अंग्रेजी फिल्मों में अभिनय करने वाले, टेलीविजन और फिल्म अभिनेता थे।



1992 - विनायक कृष्ण गोकाक - ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कन्नड़ भाषा के प्रमुख साहित्यकारों में से एक।

1955 - टी. वी. सुन्दरम अयंगर - भारतीय उद्योगपति और ऑटोमोबाइल क्षेत्र के अग्रणी उद्यमी थे।

1740- बाजीराव प्रथम, मराठा साम्राज्य का महान सेनानायक था।

मस्तानी - बाजीराव प्रथम की दूसरी पत्नी थी।



1719 - फर्रुखसियर - मुगल वंश के अजीमुश्शान का पुत्र था।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त अभियान के लिए दिलवाया संकल्प

» सब का सपना संवाददाता



**चंदौसी/सम्भल:** शनिवार को एफ. आर.इंटर कॉलेज चंदौसी में शासन द्वारा चलाए जा रहे एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त भारत के लिए छात्र-छात्राओं और स्टाफ को शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणाम के विषय में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया और नशे से दूर रहने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य का ही नाश नहीं करता बल्कि मन मस्तिष्क का भी नाश करता है ।नशे के कारण से परिवार बर्बाद हो जाते हैं- आज के युवा संकल्प ले, इस बुराई से दूर रहे, समाज को परिवार को खुशहाल बनाएं, देश की तरक्की का हिस्सा बने। कार्यक्रम में वाहिद हुसैन, अब्दुल जाहिद ,शफीक मियां ,मोहम्मद हनीफ, अकील अहमद ,मोहम्मद नाजिर, शबाब अली, अख्तर अंसारी, हुमायूं शमसी, रिजवान अहमद खान, मोहम्मद गौस, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद माज, सलमान अहमद, जुबेर आलम, मोहम्मद सुभान, सैयद अली असीम, महजबी, राशि त्यागी, भावना गुप्ता, जमील अहमद, जफरुद्दीन, निसार अहमद, कमरुद्दीन, रोशन सलीम, जावेद आलम, पंकज बहुखंडी, अनुराग सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# पीड़ित सुरेश प्रजापति से मिले ओमप्रकाश गोला प्रजापति, दिलाया न्याय का भरोसा

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा:** सैनी समाज के कुछ लोगों द्वारा चोबारा गांव में सुरेश प्रजापति के साथ हुई मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे ओमप्रकाश गोला प्रजापति ने पीड़ित सुरेश प्रजापति के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

प्रजापति ने सुरेश प्रजापति के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें गांव छोड़कर पलायन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उनकी पीड़ा एवं घटना की पूरी जानकारी पुलिस अधीक्षक अमरोहा क्षेत्रीय अधिकारी धनौरा व कोतवाल गजरौला को अवगत कराई जा चुकी है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई का पूर्ण आश्वासन दिया है।

ओमप्रकाश गोला ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है और इस प्रकार की घटनाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बहजोई कोतवाली पुलिस ने चोरी के समान के साथ एक आरोपी किया गिरफ्तार

» सब का सपना संवाददाता




**बहजोई/संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में चोरी के सामान के साथ एक आरोपी थाना बहजोई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को थाना बहजोई पर पीड़ित संजीव कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम अतरासी थाना बहजोई जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा वादी व उसकी आसपास की ट्यूबवैल से स्टार्टर व केबिल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना बहजोई पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।जिसमे 26 अप्रैल को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नेमपाल उर्फ जनका पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम अतरासी थाना बहजोई जनपद सम्भल को ग्राम पंवासा से आटे वाले रस्ते पर ग्राम सिहोरी की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए हितकारी होगा: लोकेश प्रजापति

» सब का सपना संवाददाता



**नौगांवा सादात/अमरोहा:** विधानसभा नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम जमुना खास मैं सहकारी समिति के प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि लोकेश प्रजापति रहे।

भाजपा कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि लोकेश प्रजापति का गर्म जोशी से स्वागत किया। इनके साथ ही कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र नागपाल और माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष जिला समन्वयक ओम प्रकाश गोला का भी स्वागत गर्म जोशी के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीश त्यागी ने की कार्यक्रम का संचालन सुभाष त्यागी ने किया। कार्यक्रम में एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी में भाजपा कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव की पहल को सिरहाने कार्य बताया और यह देश के लिए हितकारी सिद्ध होगा और देश तरक्की करेगा।

मुख्य अतिथि लोकेश प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा हमारे देश में आए दिन चुनाव होते रहते हैं जिस देश को भारी नुकसान हो रहा है और विकास कार्यों में रोड बन रहे हैं एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए हितकारी होगा। कभी मध्य प्रदेश में चुनाव का भी हरियाणा में कभी उत्तर प्रदेश में इस तरह से प्रत्येक वर्ष चुनाव चलते रहते हैं जिससे देश को भारी नुकसान उठाना पड़ता है एक साथ चुनाव होने पर चुनाव खर्च में कभी आएगी और वह पैसा देश के विकास कार्यों में लगाया जाएगा और हमारा देश तरक्की और विकास करेगा। केंद्र सरकार की एक राष्ट्र एक चुनाव की पहल बहुत अच्छी सोच है जो देश हित में है। इस अवसर पर युद्धवीर सिंह, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी, कैलाश त्यागी, अमित शर्मा रामनिवास गोला, राजीव चौधरी, पवनीत दिवाकर ,धर्मेंद्र सैनी, इकराम सैफी, यशवंत गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह स्टेट, थमन सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, हरज्ञान प्रजापति, विकास बाबू, विनोद गोला, शर्मिष्ठा चौहान, आदि मौजूद रहे।

# गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से मनाई जाएगी गौतम बुद्ध जयंती

### विचार गोष्ठी कार्यक्रम में गौतम बुद्ध के जीवन परिचय पर डाला जायेगा प्रकाश



» सब का सपना संवाददाता

**हसनपुर/अमरोहा:** गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति हसनपुर की एक बैठक हसनपुर गैस एजेंसी के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई।जिसमें आगामी 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाने के साथ साथ विचार गोष्ठी कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया।

अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी बुद्ध जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा गौतम बुद्ध के जीवन परिचय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला जायेगा। और उनके जीवन संघर्ष पर व्यापक चर्चा की जायेगी।

गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा कि इस बार बुद्ध पूर्णिमा बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। साथ ही विचार गोष्ठी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक माननीय महेंद्र सिंह खड़गवंशी, अति विशिष्ट अतिथि उदयगिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष भाजपा, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, समाजसेवी इक्तेदार उल्ला खां, विशिष्ट अतिथि शेर सिंह बौद्ध, चन्द्रपाल सिंह सैनी,मुख्य वक्ता डॉ.टी.पी.सिहं मौजूद रहेंगे। जबकि विचार गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता चैयरमैन हसनपुर राजपाल सैनी करेंगे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह,बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम के महामंत्री संजय सहदेव, कोषाध्यक्ष करणवीर सिंह, अरविंद अन्ना पूर्व सभासद,जगवीर सिंह मौर्य,रोहताश सिंह उर्फ डब्लू, महीपाल सिंह,रूपराम सिंह,लवी सागर, संतराम सिंह, मुकुल सागर, पवन राज जाटव, कपिल कुमार उर्फ कालू, मयंक प्रताप,दिनेश कुमार जाटव, अजब सिंह एडवोकेट,सुरेश सिंह,अतर सिंह नेताजी, नवाब सैफी, रोबिन त्यागी, विजय कुमार गौतम, मलखान सिंह,जसवंत सिंह, मुकेश जाटव उर्फ मुखिया, संतराम सिंह,अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# खैतान वर्ल्ड स्कूल में जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

» सब का सपना संवाददाता





**गजरौला/अमरोहा:** नगर स्थित खैतान वर्ल्ड स्कूल में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा में वातावरण में कराया गया। इस प्रतियोगिता में अमरोहा जिले के कयी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों का अनुशासित ढंग से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोंचार के साथ किया गया।

बता दें कि शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे एडीएम अमरोहा माया शंकर यादव ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वहां उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वह योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजीता रानी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है बल्कि यह मन और आत्मा को भी सशक्त करता है।

खैतान वर्ल्ड स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन सर्वेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जीवन की नैतिक मूल्य और स्वास्थ्य को भी समान महत्व देना चाहिए।

खैतान वर्ल्ड स्कूल इसी सोच के साथ बच्चों को शिक्षित करता रहा है। कार्यक्रम के समापन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मान वितरण के बाद उन्होंने अपने संबोधन में खैतान वर्ल्ड स्कूल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अमरोहा जिले में खैतान वर्ल्ड स्कूल जैसा बेहतरीन अनुशासित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय कोई और नहीं है। यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र निर्माण की विस्तृत शिक्षा दी जाती है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में और भी ऐसे आयोजनों की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वहां विष्णु प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा, दीक्षांत त्यागी जिला क्रीडा अधिकारी, डॉ एमपी शर्मा सचिव जिला ओलंपिक संघ, आरती गुप्ता खान शिक्षा अधिकारी गजरोला, सुनील दिक्षित पी आर मैनेजर जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड, सुखविंदर सिंह फोगाट मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेबीएफ, नेपाल सिंह अध्यक्ष आनंद गिरि कॉलेज, रणवीर सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अमित गर्ग जॉन कोऑर्डिनेटर, अनूप कुमार प्रवक्ता फिजिकल कॉलेज रामपुर, आशीष कुमार वर्मा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर खैतान वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं अध्यापकगण मौजूद रहे।

# पति-पत्नी के आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौता केंद्र की मदद से सुलझाया गया

» सब का सपना संवाददाता



**बहजोई/संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई।

जहां पति पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया । यहां कुल 78 पत्रावली सुनकर 16 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा चार परिवारों को मिलाया गया तो वहीं तीन पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 9 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर विधिक परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट एवं काउंसलर पूनम अरोरा,बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी ,श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर , तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# छायादार व खुशबूदार वृक्ष बढ़ाएंगे अमृत सरोवर की शोभा

» सब का सपना संवाददाता



**गोवर्धन/मथुरा:** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कुन्जेरा गांव की धरा को हरा भरा बनाने एंव स्वच्छ वातावरण का एहसास कराने के लिए प्रमुख समाजसेवी हरी सिंह दूधिया व राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी एवं ग्रामीणों के नेत्तव में करीब 400 पोधे रोपकर सुरक्षा का संकल्प लिया।

रविवार को कुन्जेरा गांव के अमृत सरोवर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खण्ड गिरीश ग्रीस चंद्र पंत ने पोधा रोपकर किया। कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि ये जलवायु संतुलन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण के लिए अनिवार्य हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने में योगदान दें। अमृत सरोवर पर बिजली की समस्या हैं जल्द निस्तारण कराया जायेगा.

ग्राम प्रधान देवी सिंह पटेल, सेक्रेटरी यतिन शर्मा व सेक्रेटरी चौहल सिंह ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने बताया कि चन्द्र सरोवर व आसपास करीब 400 पोधे छायादार ,खुशबूदार व फलदार एंव औषधीय पोधे रोपकर सुरक्षा का लिया संकल्प लिया। जिसमें चम्पा, बोतल पाम, फाइकस, पेंडुला अशोक, पीपल, पाखड़, बरगद, शीशम व नींम, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, देशी कदम, जामुन, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, आदि प्रकार के पौधे रोपे गए हैं। कहा कि चन्द्र सरोवर पर बिजली न होने से पौधों में पानी की सिचाई करने की परेशानी होती है। अगर प्रशासन बिजली के तीन पोल लगवा कर विधुत व्यवस्था करा दें तो निरंतर रूप से मीठे पानी की सप्लाई होती रहेगी जिससे पौधा हरे भरे बने रहेंगे। वहीं राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया।

- **अमृत सरोवर पर 400 पौधे रोपकर लिया सुरक्षा का संकल्प**
- **स्वच्छ वातावरण और हरियाली की छांव बैठ सकेंगे ग्रामीण**

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने पर बहन-भाई को किया सम्मानित

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। यूपी बोर्ड परीक्षा में होनहार भाई-बहन का स्वागत मूंढापांडे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर ने बूथ प्रभारी के घर पहुंचकर राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में वंश और उसकी बहन वंशिका ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

वंश के हाईस्कूल परीक्षा में 83.16 प्रतिशत तथा वंशिका के इंटरमीडिएट परीक्षा में 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। रविवार को सामाजिक तौर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दोनों बहन-भाई को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

दोनों बहन भाई ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों और मां-बाप को दिया। कहा अगर मेहनत से कोई काम किया जाए तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर ने गणमान्य लोगों के साथ बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ब्लॉक में सामाजिक व सम्मानित लोगो द्वारा ब्लॉक के कक्षा 10वीं ओर 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी को सम्मान पत्र व मिठाई खिलाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



बीजेपी के मंडल अध्यक्ष ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल की सराहना की। इस मौके पर वक्ताओं कहा कि बेटियां वर्तमान समय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। बेटी पढ़ेगी, तो वह अपने कुल का नाम रोशन करेगी। सरकार द्वारा भी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। अपने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन कर उच्च शिक्षा दिलायें। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर, प्रभारी अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या लोग शामिल रहे।

# जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया नि :शुल्क पौष्टिक भोजन



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। खत्री सभा रजि0 मुरादाबाद ने श्री हनुमान रसोई के माध्यम से गरीबों व जरूरतमन्द लोगों को अपनी संस्था की ओर से निःशुल्क पौष्टिक भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया।

रविवार को भोजन वितरण का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर साईं मन्दिर दीनदयाल नगर पर किया गया।

एक तरफ जहां महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है। तो दूसरी तरफ खत्री सभा रजि0 मुरादाबाद की ओर से जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कर राहत प्रदान की जा रही हैं। और सिर्फ गरीब ही नहीं बाकी लोग भी यहां भोजन का आनंद उठा रहे हैं।

इस अवसर पर खत्री सभा रजि. के अध्यक्ष श्याम खन्ना, महासचिव कमल अरोरा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, उपाध्यक्ष दिनेश कपूर,रवि मेहरोत्रा, सह सचिव शरद कपूर,पंकज टंडन, संजय मेहरोत्रा,राजीव अरोरा,अनूप मेहरोत्रा,सुमित तनेजा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरे चोरी कर रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

सब का सपना संवाददाता

मैनाठेर।नूरपुर निवासी कय्यूम हुसैन पुत्र शमशाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम समय करीब पांच बजे मेरे दो बकरे घेर के पास चर रहे थे।और मैं किसी काम से घर चला गया था।कुछ समय बाद जब मैं वापस घेर की तरफ आया तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति मेरे दोनों बकरों को मोटरसाइकिल पर रखकर चोरी कर कर ले जा रहे थे।तभी मैंने शोरगुल मचाया तब आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और मोटरसाइकिल को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े कुछ आगे चलकर सड़क पर ऊंची पुलिया थी।जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई।जिससे दोनों युवकों को चोट भी लगी तभी लोगों की मदद से हमने मिलकर चोरों को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रियासत हुसैन पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी अखबार फैक्ट्री धीमरी करुला मुरादाबाद व दूसरे ने समीर पुत्र नबी हसन निवासी धीमरी का बताया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरन पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम दो मोटरसाइकिल सवार चोरों बकरे चोरी करते हुए पकड़े गए।जिस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### तीन तलाक व दहेज उत्पीड़न के खिलाफ नौ पर मुकदमा दर्ज

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर।पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति समेत नौ के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर तीन तालाक देकर घर से निकालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव मंसूरपुर निवासी विवाहिता रूबीना ने कहा है कि उसका विवाह बारह अप्रैल 20 को बजरुद्दीन पुत्र आबिद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था।पिता ने विवाह में खानपान और उपहारों में 12 लाख रुपए खर्च किए थे। भाई बहन, भाभी आदि के कहने में आकर पति विवाह से पहले के हंसी खुशी के बहन के देवर के साथ खिंचे हुए फोटो को दिखाकर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे।पंद्रह अप्रैल को मारपीट कर तीन तालाक देकर कमरे में बंद कर दिया। पड़ोसियों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे से बाहर निकाल कर भाई को फोन करके बुलाया और उसके साथ मायके आकर रहने लगी।रविवार को पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति बदरुद्दीन, जेठ शाहिद व निजामुद्दीन, जेठानी मेहताब,ननद गुलनाज, ननदोई इरफान, फात्मा, गुड्डू और महरूम के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न और तीन तालाक देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सब का सपना संवाददाता

पाकबड़ा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध शस्त्र निर्माण,तस्करी, अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण विकास पुत्र नरेश निवासी बी-106 हरिजन बस्ती कोन्डली बसुन्धरा इन्कलेव थाना गाजीपुर पूर्वी दिल्ली,शिव कुमार उर्फ ललित पुत्र प्रेमचन्द हाल निवासी एनटीपीसी रोड दादरी थाना बादलपुर उत्तर प्रदेश स्थायी निवासी ग्राम नगला माल थाना केसूपुर जिला हाथरस को दो अवैध तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मिशन रोड सेफ्टी अंतर्गत वाहन चालकों को पम्पलैट वितरित कर किया जागरूक



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अन्तर्गत रविवार को यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों,मार्गों पर आमजन,दो पहिया वाहन,तीन पहिया वाहन चालको को वाहन चलाते समय सीट,बेल्ट का प्रयोग करने व हेल्मेट लगाकर वाहन चलाने के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर दो पहिया,ऑटो,ई-रिक्शा आदि वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने,सीट बेल्ट लगाने व मानक से अधिक सवारी न बैठाने आदि यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत किया जागरूक, आपातकालीन सेवाओं दी जानकारी

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।



मिशन-शक्ति फेज 05 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

# सार्वजनिक शौचालय का नवनिर्माण कार्य पूरा,खुले में शौच से मिलेगी मुक्ति महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत




सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालय का नवनिर्माण कार्य पूरा खुले में शौच से मिलेगी मुक्ति महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के थाना चौराहे पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। मुरादाबाद सदर तहसील की बड़ी नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के चैयरमैन प्रतिनिधि अर्शलान अंसारी ने बताया कि यह सार्वजनिक शौचालय जनता की लंबे समय से उठ रही मांग को देखते हुए नगर पंचायत की निधि से बनवाया गया है। इस शौचालय के निर्माण से न केवल इलाके के निवासियों को बल्कि बाजार में आने-जाने वाले दूर-दराज से आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। और नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना की है। नगर के संजय कुमार, मौ0 सलीम, मनोज कुमार, फिरोज आलम, विजय सिंह, मौ0 कामरान और अन्य लोगों का कहना है कि थाना चौराहा क्षेत्र एक मुख्य स्थान है। तथा यहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने से शौच के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह सुविधा बहुत महत्वपूर्ण होगी। शौचालय का निर्माण कार्य जमीनी स्तर से शुरू होकर निर्माण कार्य से स्वच्छ भारत अभियान ग्रीन भोजपुर, क्लीन भोजपुर का संकल्प पूरा हो रहा है। क्षेत्रवासियों सहित स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर जरीफ इदरीशी ने नगर पंचायत के इस कदम का आभार व्यक्त किया है। और उम्मीद जताई है। कि यह सार्वजनिक शौचालय बनने से राहगीरो और स्थानीय लोगों को खुले में शौच से मुक्ति मिल सकेगी।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर, सौंपा ज्ञापन



सब का सपना संवाददाता

मैनाठेर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लोगो मे आक्रोश बढ़ता नजर आ रहा है।इसी के चलते करणी सेना ने मुरादाबाद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में रविवार की शाम करणी सेना ने पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ गागन तिराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध-प्रदर्शन किया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरन पाल को ज्ञापन दिया। इस दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह जिला अध्यक्ष अमित चौहान प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर कुनाल गौतम, ठाकुर अमित सिंह ठाकुर रणवीर सिंह दानवीर सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों किया पुरस्कृत

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स,अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया । शस्त्रो की स्थिति एवं साफ-सफाई तथा थाने पर खड़े वाहनो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ई-मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने





हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क,पीवीआर, [illegible] की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं थाना प्रभारी को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस की विजिबिलटी में सुधार एवं महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।थाना पर [illegible], ढशफके निस्तारण एवं महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला पुलिस कर्मी एवं सुदृढ कानून व्यवस्था एवं प्रभावी विवेचना करने वाले उपनिरीक्षकगण को उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर उत्साहवर्धन करते हुए पुरुष्कृत किया गया।

# बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन, राष्ट्र व धर्म की रक्षा का लिया गया संकल्प

### हिंदू समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता, बिखराव से होंगे भविष्य में घातक परिणाम : शैलेन्द्र अग्निहोत्री*

» सब का सपना संवाददाता

रायबरेली - आज विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा संकल्प का कार्यक्रम होटल सारस में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकताओं को त्रिशूल पूजन कर धारण करवाया गया और राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए अपना संकल्प दोहराया गया। सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं को संत गोविंद गिरि जी महाराज द्वारा आशिष वचन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्र और धर्म के लिए त्रिशूल दीक्षा संकल्प लेते हैं। और उसे धारण करते हैं उन्होंने कहा किया कट्टरपंथी ताकतें अपना सर उठा रही हैं जिन्हें कुचलने की आज जरूरत आन पड़ी है।हमारे कार्यकर्ता ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए हरदम तैयार रहते हैं। हम उनके









अन्दर संस्कारों का समावेश भी करते हैं। अगर हम शास्त्र का अध्ययन करते हैं तो समय आने पर देश धर्म के लिए हम शस्त्र भी धारण कर सकते हैं। मुख्य अतिथि समाज सेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री जी ने कहा कि हम सभी हिंदू समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है। अगर हम एक नहीं हुए तो इसके परिणाम भविष्य में बहुत घातक होंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांत सहमंत्री विवेक सिंह द्वारा रखी गई। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम में आए हुए समाजसेवियों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री धनंजय पांडेय द्वारा किया गया, इस अवसर पर जिला कार्याध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, विभाग सह संयोजक पंकज मिश्रा, जिला संयोजक विनोद मौर्या, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख हरिश्चन्द्र शर्मा, प्रांत सह धमार्चार्य संपर्क प्रमुख दिनेश लोधी ,विभाग अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी

जिला सह संयोजक आदर्श नगर अध्यक्ष आलोक जिला सह मंत्री संतोष सोनी, नगर संयोजक गौरव, समाजसेवी,महेंद्र अग्रवाल ,डॉ संजय रस्तोगी ,जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी, जिला संयोजिका ऐश्वर्या मिश्रा। जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश सिंह, जिला गौरक्षा प्रमुख दीप श्रीवास्तव। जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरुण दास,राही मंत्री मनोरंजन राही अध्यक्ष रामदयाल। सतांव अध्यक्ष,प्रेमशंकर शुक्ला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक सम्पन्न

### नरेश अग्रवाल ने व्यापारियों की भूमिका और सरकार की नीतियों की सराहना की

» सब का सपना संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक मैरियाड होटल में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं शहर अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन राज्य का पहला ऐसा संगठन है, जो बीते 22 वर्षों से व्यापारियों के हितों की रक्षा कर रहा है और उन्हें राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग की एकता आज इतनी प्रभावशाली हो चुकी है कि सभी राजनीतिक दल अब उनके वोटों के महत्व को समझने लगे हैं।

नरेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक पहचान में व्यापारियों की अहम भूमिका है। व्यापारियों के योगदान से सरकार का राजस्व बढ़ा है, जिससे देश निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और एक देश, एक चुनाव तथा वक्फ बिल जैसे मुद्दों पर संगठन सरकार का समर्थन करता है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी मण्डलों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को निकाय, पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला ने किया। बैठक को अन्य प्रमुख नेताओं जैसे अमित अग्रवाल, सतनाम सेठी, कृष्ण गोपाल मित्तल, जगदीश अग्रहरि, भारत भूषण गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रुची फार्मा में बिना बिल की संदिग्ध दवाएं पकड़ी गईं

रायबरेली। शहर के चरक हॉस्पिटल में संचालित रुची फार्मा में ड्रग इंस्पेक्टर ने दवाओं की गुणवत्ता की जांच की। मेडिकल स्टोर में दवाएं तो मिलीं, लेकिन बिल एक भी दवा का नहीं मिला। संचालक ने बताया कि सारे बिल लखनऊ में हैं। नशे से संबंधित चार दवाएं भी मिलीं, जिसके बिल न मिलने पर उनकी बिक्री पर रोक लगा दिया। गैस से संबंधित एक दवा का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। खामियां मिलने पर संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा है। शहर में फायर स्टेशन के सामने संचालित रुची फार्मा में ड्रग इंस्पेक्टर की जांच में एक्सपायरी दवाएं रखने के लिए रैक नहीं मिला। वहीं, विक्रय हुई दवाइयों के बिल की कॉपी सुरक्षित नहीं रखी जा रही थी। मंगवाई गई दवाओं के बिल मांगे तो बताया गया कि सारे बिल लखनऊ में रखे हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ने नोटिस देकर दवाओं के बिल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। नशे से संबंधित चार दवाएं मिलीं, लेकिन उनके बिल न मिलने पर बिक्री के लिए प्रतिबंधित कर दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर गैस से संबंधित एक दवा का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि रुची फार्मा ने खामियां मिलने पर संचालक को नोटिस दिया गया है।

### अजय कुमार मिश्रा बने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष


गोंडा। जिले में जन्म से ही सुषुप्तावस्था में रही आम




आदमी पार्टी को गतिशील व आगामी वर्ष में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र नेता रहे अजय कुमार मिश्रा उर्फ अज्जू पंडित को जिला अध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी संगठन के बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने दिया। अज्जू पंडित को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

### वजीरगंज में चल रही मनरेगा पर जेसीबी, पीले ईंटों से हो रहा नाली का निर्माण

गोण्डा। जिले की आदर्श ग्राम पंचायत वजीरगंज में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसके क्रम में जिम्मेदार मनरेगा पर खुलेआम जेसीबी चलाते हुये पीले व अद्धे





ईंटों से मानक विहीन नाली का निर्माण करा रहे हैं।

बताते चलें कि इस मानक विहीन नाली का निर्माण वजीरगंज के कर्बला रोड पर कराया जा रहा है। जिसकी खुदाई मनरेगा मजदूरों से न करवाते हुये पंचायत सचिव और प्रधान खुलेआम जेसीबी से करवा रहे हैं। इतना ही नहीं साथ में जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें मानक विहीन पीले अद्धे ईंटों से कराया जा रहा है।

जिसको न देखने वाला कोई है और न रोकने -टोकने वाला कोई है। लोगों की माने तो इस तरह के कई निर्माण कार्य इस नाम के आदर्श ग्राम पंचायत में और भी किये गये हैं, जिसपर जाँच टीम भी बैठी पर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों के उच्चाधिकारियों से संबंध और चढ़ावे के नीचे सारी जाँचें पता नहीं कहाँ गुम हो गईं।

हालांकि,जब इस संबंध में जब नवागत एडीओ पंचायत सतीश तिवारी से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि, उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है कि, निर्माण किसके निधि से हो रहा है। यदि यह निर्माण ग्राम पंचायत निधि से है और उसमे जेसीबी से कार्य कराया गया है तथा निर्माण कार्य पीली ईंट से कराया जा रहा है तो जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी वह इसके जिम्मेदारों पर कराई जायेगी।

# 29,30को रायबरेली, अमेठी आयेंगे राहुल गांधी

» सब का सपना संवाददाता

रायबरेली/अमेठीः रायबरेली सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र-र-ायबरेली / अमेठी में 29.04.2025 एवं 30.04.2025 को भ्रमण कार्यक्रम घोषित किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के 2 दिवसीय दौरे की तैयारी को लेकर सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा आज सुबह से क्षेत्र के संबंधित लोगों व कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहें हैं।

कार्यक्रम निम्नवत बताया गया है कि दिनांकः 29.अप्रैल 09:30.02 मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन, विशाखा इन्डस्ट्री लिमिटेड, कुन्दनगंज, जनपद-रायबरेली में राहुल गांधी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद 10:45 नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण सिविल लाइन्स में करने के बाद, 11:00 दिशा बैठक, बचत भवन, रायबरेली में हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद 03:00 बजे रेल कोच फैक्ट्री, लालगंज का भ्रमण, 4:30 विधानसभा-सरेनी के बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक, मुराईबाग, डलमऊ में,
06:30 सांसद निवास, भुएमऊ, रायबरेली में विश्राम होगा।

#### दूसरे दिन 30अप्रैल बुधवार को राहुल गांधी का

08:30-10:30 बजे
कार्यकताओं के साथ भेंट मुलाकात, भुएमऊ, रायबरेली,
12:15 गन फैक्ट्री एवं इण्डो-रसियन रायफलस प्रा०लि०, कोरवा, अमेठी का भ्रमण,
02:30 ओपेन हर्ट सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन एवं इन्दिरा गांधी नर्सिंग कालेज का भ्रमण, संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज, अमेठी, 03:20 एयरपोर्ट लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बैसवारा महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर छात्रों में उत्साह

» सब का सपना संवाददाता

लालगंज/रायबरेलीः जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय, प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सत्र 2025 26 में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है ।रायबरेली जनपद में एकमात्र महाविद्यालय नैक द्वारा मूल्यांकित ग्रेड - बी मे बी. ए. बीएससी एवं एम. ए. में प्रवेश को लेकर छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश के प्रथम दिन महाविद्यालय में एक दर्जन से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन (छवफ्छ) करवाया । प्राचार्य महोदया एवं प्रबंधक महोदय ने सभी नव प्रवेशी छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।



महाविद्यालय पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा *रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया को नि :शुल्क* रखा है ।नि : शुल्क रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत छात्र एवं छात्राएं महाविद्यालय से *प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं*।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस समय महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए *एन .सी .सी .की 320 से अधिक* सीटें उपलब्ध हैं । महाविद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा, इंडोर और आउटडोर गेम्स की सुविधा, विशाल खेल का मैदान, सोलर की व्यवस्था, वाई-फाई की व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम एवं छात्र एवं छात्राओं के लिए आर. ओ. वॉटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था मौजूद है ।

डॉ. यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालय में एन. सी. सी. की ट्रेनिंग के साथ-साथ, पुलिस, आर्मी, नौसेना, मे सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ट्रेनिंग की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध है ।


इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह प्रोफेसर बीके भारद्वाज डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा सत्येंद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया,डा. अतुल सिंह, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा, डा मनोज कुमार त्रिपाठी, अंजू सिंह, नीलम शुक्ला, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा , विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे ।

# हाईस्कूल परीक्षा में श्रेया सोनी व मानसी यादव अव्वल

### हनी सिंह और प्रिंस रावत ने भी बढ़ाया विद्यालय का गौरव

» सब का सपना










गोण्डा। विकास खंड परसपुर के राजा भगवती प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय और उप प्रधानाचार्य दर्शनानंद पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। परीक्षा परिणामों के अनुसार चंदापुर गुरेटी खरथरी निवासी माधवराज यादव की पुत्री मानसी यादव जो राजकीय बालिका हाईस्कूल त्योरासी की छात्रा हैं उन्होंने विद्यालय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं परसपुर बाजार निवासी उमेश सोनी की पुत्री श्रेया सोनी ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नगर पंचायत परसपुर के राजा टोला निवासी शैलेन्द्र सिंह की पुत्री हनी सिंह ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा प्रिंस रावत ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनकी कठिन मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल परसपुर में प्राप्त मजबूत शैक्षिक आधार को जाता है जहां से इन छात्र-छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की थी। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कुंवर विजय बहादुर सिंह, आनंद राज सिंह, विजय प्रताप सिंह मंटू, दर्शनानंद पांडेय, ओम प्रकाश पांडेय, शत्रोहन यादव, मनोज तिवारी, नीरज कुमार सिंह, डीपी विश्वकर्मा, शैलेन्द्र सिंह, शिव मूर्ति सिंह, राम सुंदर पांडेय, अजय पांडेय समेत कई गणमान्य जनों ने छात्र-छात्राओं को शुभक-ामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेहनत ही सफलता की कुंजी है, यह इन होनहार छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सिद्ध कर दिखाया।

# नगर पालिका की मनमानी से सकरौरा घाट पर कूड़ा डंपिंग, जनता त्रस्त , पर्यावरण को हो रहा नुकसान, फैल रहा प्रदूषण

» सब का सपना संवाददाता



गोंडा। नगर पालिका परिषद करनैलगंज की मनमानी कार्यशैली और लापरवाही ने कस्बे की जनता को गंभीर संकट में डाल दिया है। धार्मिक और पौराणिक महत्व के सकरौरा घाट पर कस्बे का कूड़ा-कचरा डंप किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों की आस्था और स्वास्थ्य पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है।

शासन और जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए नगर पालिका नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को भी ताक पर रख रही है। कूड़े को खुले में जलाने की प्रक्रिया ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। इससे उठने वाला जहरीला धुआँ हवा को प्रदूषित कर रहा है, जिसके कारण करनैलगंज की जनता को साँस लेने में तकलीफ, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2021 के अनुसार, कूड़े को जैविक, अजैविक और खतरनाक श्रेणियों में अलग करना और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना अनिवार्य है। लेकिन करनैलगंज में इन नियमों का कोई पालन नहीं हो रहा।

कूड़ा जलाने पर एनजीटी की सख्त पाबंदी के बावजूद, नगर पालिका नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही है, जिससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो रही है। योगी सरकार धार्मिक स्थलों को संवारने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन करनैलगंज नगर पालिका इसके ठीक उलट कार्य कर रही है। यहाँ तक कि सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा भी प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कूड़ा प्रबंधन की कमी के कारण सड़कें और गलियाँ गंदगी से अटी पड़ी हैं। जहरीली हवा और गंदगी के ढेर के बीच जनता का जीना दूभर हो गया है। नगर पालिका के खिलाफ कई बार शिकायतें दर्ज की गईं,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# मिशन निदेशक पिंकी जोवेल ने किया निरीक्षण, रायबरेली जिला अस्पताल की दुर्व्यवस्था आई सामने

### यूपी के कुछ जिलों में अस्पतालों की ऐसी हालत हो रखी हैकि, आप यहां की व्यवस्था देख कर दंग रह जाओगे। ऐसा ही हाल रायबरेली से सामने आया है। सचिव पिंकी जोयल ने रायबरेली का किया दिवसीय दौरा

» सब का सपना संवाददाता

रायबरेलीः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक और स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोयल ने आज रायबरेली का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और पाई गई कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

#### मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

सबसे पहले मिशन निदेशक पिंकी जोयल बछरावां सीएचसी पहुंचीं। उन्होंने वहां विभिन्न वार्डों, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कुछ कमियां नजर आईं, जिस पर उन्होंने सीएचसी



अधीक्षक को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नवीन चंद्रा भी उनके साथ मौजूद रहे।

बछरावां सीएचसी के निरीक्षण के बाद मिशन निदेशक सीधे जिला अस्पताल पहुंचीं।

वहां उन्होंने सबसे पहले खून जांच करने वाली मशीनों के बारे में जानकारी ली और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद उन्होंने इंजेक्शन रूम का निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। टेलीमे-डिसिन सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने मरीजों को दूरस्थ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने की व्यवस्था को देखा।

#### वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की

मिशन निदेशक ने जिला अस्पताल के तीन नंबर वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान मरीजों ने उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आशीष पाठक नामक व्यक्ति से उनकी कुछ झड़प भी हुई।

गर्मी के मौसम को देखते हुए मिशन निदेशक ने हिट वेव को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन को पहले ही जारी एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल में जल्द से जल्द कूलर और पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया ताकि मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को गर्मी से राहत मिल सके।

#### आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

अपने दौरे के अंतिम चरण में मिशन निदेशक पिंकी जोयल ने महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने महिला मरीजों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिशन निदेशक के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि इस निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा

# पहलगाम में हिन्दुओं पर हमले के विरोध में रिठाला में कैंडल मार्च, आतंकवादियों को खुले में फांसी देने की मांग

सब का सपना संवाददाता



नई दिल्ली। आज रिठाला में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा एक विशाल कैंडल मार्च, विरोध प्रदर्शन व आतंकवाद का पूतला दहन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पहलगाम में हिन्दुओं पर हुए नृशंस हत्या के विरोध में और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु किया गया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान प्रायोजित जिहादियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई तथा आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना माननीय श्री जय भगवान गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में सनातनियों पर किए गए हमले ने पूरी मानवता को झकझोर दिया है। आज पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि द रजिस्टेज फोर्स, लश्कर-ए-तैयबा, हमास, फिलिस्तीन सहित कई जिहादी आतंकी संगठन पाकिस्तान के इशारे पर भारत में फिर से आतंकवाद का भय फैलाना चाहते हैं। लेकिन भारतवासी अब पहले से अधिक सजग और संगठित हैं। देश इनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगा। श्री गोयल ने आरोप लगाते हुए कहा कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हमास जैसे आतंकवादी संगठन ही पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के असली कातिल हैं। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि पाकिस्तान आतंक रूपी कैंसर फैलाकर पूरी मानवता को डसने की कोशिश कर रहा है। अब इस आतंक के कैंसर को शक्ति और साहस से कुचलने का समय आ गया है। भारत को निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में कैंडल मार्च निकालकर शहीद हिन्दू भाइयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और संकल्प लिया गया कि आतंकवाद के समूल नाश तक संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर सर्वश्री ईश्वर चौधरी (राष्ट्रीय सचिव), श्याम सुंदर गोयल, प्रवीन गोयल, तरसेम गर्ग, शंकर लाल अग्रवाल, विनोद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अवध कुमार, रामचन्द्र, के.पी. मिश्रा, मंजू, शकुंतला, मनीष महाजन, अमन मेहता, जितेन्द्र सोबती, अनिल शर्मा, योगेन्द्र राणा तरसेम आदि उपस्थित थे।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन का पहलगांव में मारे गए निर्दोष भारतीयों की याद में कैंडल मार्च आज


## राष्ट्रीय पदाधिकारी यशपाल गुप्ता अनिल गुप्ता व विपिन गुप्ता ने की भारी संख्या में पहुंचने की अपील, जंतर मंतर में

सब का सपना संवाददाता

नई दिल्ली देश की जानी मानी वैश्य अग्रवाल समाज की लोकप्रिय संस्था वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा पहलगाम कश्मीर में विगत दिवस हुए वीभत्स नरसंहार और वहां मारे गए 26 निर्दोष (२ विदेशी सहित) भारतीयों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि एवं सद्भावना व्यक्त करने हेतु आज जंतर मंतर में शाम 4:30 बजे से कैंडल मार्च के आयोजन की घोषणा की गई है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता व दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल तथा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने यह जानकारी नेशनल एक्सप्रेस को दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता तथा कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अतुल अग्रवाल सभी दिल्ली वासियों से यह अपील की है कि सभी राष्ट्रवादी लोग इस कैंडल मार्च के अवसर पर इस वीभत्स कांड की निंदा करने एवं उनके प्रति संवेदना व सम्मान, श्रद्धांजलि व्यक्त करने की अपील करने वालों में संस्था की ओर से प्रमुख लोगों ने घटना की निंदा करते हुए राष्ट्रीय जन जागरण हेतु जंतर मंतर पहुंचने की अपील की है जिसमें प्रमुख रूप से यशपाल गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष), अनिल गुप्ता (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष) विपिन गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह) विजय गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) सतीश अग्रवाल (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) अतुल गुप्ता उअ ,(दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष) घनश्याम गुप्ता (राष्ट्रीय सचिव) शिशिर गुप्ता (समाजसेवी अंतरराष्ट्रीय संयोजक और सलाहकार) सुधीर कंसल (प्रदेश उपाध्यक्ष) सुशील जैन (दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष) नवीन जैन बिल्डर, (प्रदेश सचिव) विनोद जैन (प्रदेश सूचना सचिव) रश्मि गुप्ता( वरिष्ठ पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ) डॉ०सपना बंसल (राष्ट्रीय महिला पदाधिकारी) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वरुण जैन, वेंकटेश गुप्ता (राष्ट्रीय युवा महामंत्री) आनंद गुप्ता प्लेसमेंट कंपनी, (राष्ट्रीय युवा टीम पदाधिकारी) राष्ट्रीय सचिव आरके जैन, प्रमोद अग्रवाल ट्रांसपोर्टर (हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष) शाहिद खान पदाधिकारी व सदस्यों ने इस राष्ट्रीय संवेदनशील मुद्दे पर जंतर मंतर पहुंचने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड में प्रभावित व्यक्तियों को मिलेगी सहायता धनराशि - तहसीलदार लालगंज



रायबरेली - तहसीलदार लालगंज ध्रुव नारायण यादव ने बताया है कि 23 अप्रैल 2025 को ग्राम चकवापुर मजरे बेहटाकलां परगना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली में अज्ञात कारण से अग्निकाण्ड हुआ। इस अग्निकाण्ड में 14 व्यक्तियो के मकान प्रभावित हुये तथा 01 प्रभावित व्यक्ति के 08 पशुओ की पशुहानि हुई। उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में 23 से 25 अप्रैल 2025 तक लगातार वांछित अभिलेखों (आधार कार्ड, बैंक खाता व पोस्टमार्टम रिपोर्ट) उपलब्ध कराने हेतु सम्पर्क व प्रयास किया गया। प्रभावित व्यक्तियो के वांछित अभिलेख 26 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुये, तत्क्रम में सहायता राशि से सम्बंधित बिल बनाकर भुगतान हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित ग्रामोद्योगी इकाईयों को पुरस्कृत करेगा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

रायबरेली: जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षो मे स्थापित एवं उतकृष्ट कार्य करने वाली कम से कम 03 वर्षो तक के उत्पाद बिक्री तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार पर राज्य सरकार उद्यमी पुरस्कार योजना मे वर्ष 2025-26 हेतु मण्डल स्तरीय समिति द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित प्रथम इकाई को रु0-15000.00 द्वितीय को रु0-12000.00 तथा तृतीय को रु0-10000.00 धनराशि सहित प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इन्ही चयनित इकाईयो मे से प्रदेश स्तर पर प्रथम इकाई को रु0-40000.00 द्वितीय को रु0-30000.00 तथा तृतीय को रु0-20000.00 धनराशि के पुरस्कार सहित राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी इकाई स्वयं के श्रोतो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो वो भी पुरस्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

### डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर डलमऊ में सुनी लोगों की फरियाद



रायबरेली : जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना डलमऊ में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा।

# मुख्यमंत्री से अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविन्द्रपुरी जी महाराज ने की शिष्टाचार भेंट



सब का सपना संवाददाता

निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

संतों ने मुख्यमंत्री को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया और राज्य की समृद्धि, शांति और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। सीएम धामी ने कहा कि संत समाज का मार्गदर्शन हमेशा समाज को दिशा देता है।

राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के विकास, चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं और संत समाज के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है। भेंट के दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर भी गंभीर चर्चा हुई।

# आदर्श शिक्षा समिति भिवानी के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

सब का सपना संवाददाता





भिवानी। आदर्श शिक्षा समिति भिवानी के आगामी कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी नीरज अग्रवाल द्वारा सभी जारी आदेश के अनुसार, नामांकन वापसी की अंतिम समय सीमा 26 अप्रैल थी। निर्धारित समय तक किसी भी पद के लिए अतिरिक्त प्रत्याशी न होने के कारण सभी उम्मीदवारों को बिना मुकाबला निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी चुने गए जिसमें अध्यक्षः अजय गुप्ता, उपाध्यक्षः पवन कुमार बुवानीवाला, सचिवः अशोक बुवानीवाला, संयुक्त सचिवः विनोद कुमार अग्रवाल (जूईवाला), कोषाध्यक्षः श्री कमलेश कुमार (चौधरी) शामिल है।

कार्यकारी सदस्यों में वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सुंदर लाल अग्रवाल, मुकेश कुमार गुप्ता, पवन कुमार केडिया, श्रीमती विद्या देवी,श' विजय किशन अग्रवाल, सुरेश चंद् देवरालीया, तुलसी राम बहलवाला, नोरंग राय गोयल, नंद किशोर अग्रवाल और श्रीमती रंजना देवी नियुक्त हुए।

पूर्व मुख्य मंत्री बनारसी दास गुप्ता के पुत्र अजय गुप्ता अध्यक्ष व अशोक बुवानीवाला सचिव निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं ये दोनों पदाधिकारी लगातार पांचवी बार बने है। अपने निर्वाचन की घोषणा के बाद अजय गुप्ता ने कहा कि महिला उत्थान के लिए जो स्वप्न बनारसी दास गुप्त व सेठ भगीरथ मल बुवानीवाला ने देखा था उसको पूर्णतः साकार कर नये आयाम स्थापित किये जा सकेंगे।

# दढ़ोमर वैश्य समाज एन सी आर दिल्ली का सामाजिक परिवार मिलनआज गैलक्सी वेगा नोएडा में आज

सब का सपना संवाददाता




ग्रेटर नोएडा देश के समृद्धशाली दढ़ोमर वैश्य समाज के नोएडा के प्रमुख युवा एवं महिला एवं वृद्ध पुरुषों की पहल से आज गैलेक्सी देगा में समाज के प्रमुख महानुभावों की एक आवश्यक बैठक सामाजिक मिलान तथा अग्रिम कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु रखी गई है इसमें दिल्ली एनसीआर के प्रमुख परिवारों के सदस्य भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम की सहभागिता कुछ प्रमुख परिवारों ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से प्रारंभ की है ताकि समाज में एक रास्ता सद्भावना एवं आपसी प्रेम व्यवहार बढ़े तथा आपसी संपर्क में एक दूसरे के सहयोग एवं सामंजस के द्वारा सामाजिक सौहार्द का वातावरण निर्मित हो। समाज के पुरुषों की ओर से शिवकुमार गुप्ता नोएडा (नोकिया ग्रुप) तथा महिलाओं की ओर से शिवानी जी और श्रीमती पूनम गुप्ता( पदाधिकारी राजनीतिक दल) का प्रयास विशेष रूप से हो रहा है,ताकि भविष्य में दढ़ोमर वैश्य समाज संगठन का दिल्ली में एक अच्छा वर्चस्व और पहचान स्थापित हो सके। विदित हो कि दढ़ोमर समाज के कम से कम 1000 परिवार दिल्ली एनसीआर में निवास करते हैं और जिसमें अच्छे संपन्न व मध्य वर्गीय परिवार शामिल हैं व लोकप्रिय व्यवसाय के साथ-साथ कई युवा महत्वपूर्ण पदों पर सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थानों में सेवारत हैं।

# एक देश एक चुनाव के दिल्ली कार्यक्रम में हरियाणा के व्यापारी नेता बालकिशन अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पहुंचे

सब का सपना संवाददाता

विगत दिवस नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय अंबेडकर सेंटर में आयोजित हुए एक देश एक चुनाव कार्यक्रम में बालकिशन अग्रवाल राष्ट्रीय चेयरमैन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सहित हरियाणा के सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर, देश में एक देश एक चुनाव के संकल्प को दोहराने हेतु आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाग लिया।






# तकनीकी प्रतिभाओं का अभिनंदन एवं विदाई, शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स में छात्रों को दी गई विदाई

## अंत नहीं, एक नई शुरूआत है, अपने सपनों को उड़ान दीजिए: डॉ संतकुमार चौधरी

सब का सपना संवाददाता




कूकसः जयपुर स्थित शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स में दिनांक 26 अप्रेल को तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय एवं शंकरा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने कहा कि मैं आप सभी के बीच उपस्थित होकर थोड़ा भावुक और बहुत उत्साहित महसूस कर रहा हूँ। भावुक इसलिए कि आप जैसे ऊजार्वान और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आज इस संस्थान से विदा होते देख रहा हूँ, और उत्साहित इसलिए कि आपके उज्जवल भविष्य की कल्पना मेरी आँखों के सामने साकार हो रही है।

शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स सिर्फ ईंटों और पत्थरों से बनी इमारत नहीं है, बल्कि यह वह तपोवन है जहाँ आपने ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की है। इंजीनियरिंग के सिद्धांतों को समझा है, साथ ही जीवन के महत्वपूर्ण पाठ भी सीखे हैं। आपने परीक्षाओं के दबाव को झेला है तो प्रयोगशालाओं में घंटों बिताए हैं, अपने सहपाठियों के साथ मिलकर चुनौतियों का सामना किया है। यह सब आपके व्यक्तित्व को गढ़ने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास का एक मजबूत भंडार लेकर आप संस्थान से जा रहे हैं। यह वह पूंजी है जो आने वाले जीवन की हर चुनौती का सामना करने और सफलता की नई ऊँचाइयों को छूने में मदद करेगी।

न्यास के अध्यक्ष डॉ संत कुमार चौधरी ने कहा कि इंजीनियरिंग सिर्फ मशीनों और कोड तक सीमित नहीं है। यह समस्याओं को हल करने, नवाचार करने और मानव जीवन को बेहतर बनाने का एक शक्तिशाली साधन है। आपके पास वह क्षमता है

जिससे दुनिया में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इसलिए, हमेशा जिज्ञासु रहें, नई चीजें सीखते रहें जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। आपको कर्मठता परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहना होगा। मार्ग में बाधाएं आएंगी, असफलताएं मिलेंगी, लेकिन उनसे निराश होने की बजाय, उन्हें सीख में बदलिए और दोगुनी ऊर्जा के साथ आगे बढ़िए। अपने मूल्यों को हमेशा याद रखें। ईमानदारी, अखंडता और नैतिकता जीवन के हर क्षेत्र में आपका मार्गदर्शन करें। अपने समाज और अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को कभी न भूलें। साथ ही उन्होनें कहा कि संस्थान के शिक्षकों और आपके अभिभावकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने आपका मार्गदर्शन किया और हर कदम पर आपका साथ दिया। उनका त्याग और समर्पण ही है जो आज आपको इस मुकाम तक ले आया है। यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। अपने सपनों को उड़ान दीजिए, अपनी पहचान बनाइए और हमेशा इस संस्थान का नाम रोशन करते रहिए।

### ज्ञान की ज्योति, भविष्य की ओर कदम

इस अवसर पर श्रीमान रणजीत कुमार (यूनीयन बैंक) ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर, आप सभी के साथ जुड़कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह वह दिन है जब आप अपने कॉलेज के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को पूरा कर एक नए और रोमांचक भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। यह जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, और मुझे विश्वास है कि यहाँ जो ज्ञान और कौशल अर्जित किया है, वह आगे के सफर में आपका मार्गदर्शन करेगा। अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें, जैसे-जैसे आप अपनी पेशेवर जिंदगी में कदम रखेंगे, वित्तीय नियोजन महत्वपूर्ण होता जाएगा।

अपनी आय और व्यय का प्रबंधन करना सीखें, बचत करें और भविष्य के लिए निवेश की योजना बनाएं। अपने कॉलेज के साथियों, शिक्षकों और अन्य के साथ संबंध बनाए रखें। साथ ही नेटवर्किंग भविष्य में आपके करियर के अवसरों को बढ़ाने में मददगार साबित होगी क्योंकि दुनिया तेजी से बदल रही है, इसलिए नए कौशल सीखते रहना महत्वपूर्ण है। कभी भी सीखने की प्रक्रिया को बंद न करें। जीवन में चुनौतियाँ आती रहेंगी, लेकिन एक सकारात्मक दृष्टिकोण उनसे निपटने और आगे बढ़ने में मदद करेगा। यह विदाई अवश्य है, लेकिन यह नए अवसरों और संभावनाओं का द्वार भी खोलती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी प्रतिभा और मेहनत से जीवन में बड़ी सफलताएँ प्राप्त करेंगे और कॉलेज और देश का नाम रोशन करेंगे।

### ज्ञान के पथ से विदाई, भविष्य के लिए शुभकामनाएं

इस अवसर पर श्रीमान आनन्द चोहरिया चीफ ऐडीटर न्यूज वन टाईम्स के सम्पादक ने कहा कि आपने जो कुछ भी सीखा, वह आपकी आगे की यात्रा में मार्गदर्शन करेगा। यह सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्यों, दोस्ती के रिश्तों और चुनौतियों का सामना करने की सीख भी है, जीवन में आगे बढ़ते हुए कई अवसर मिलेंगे और कई चुनौतियाँ भी आएंगी। सफलता और असफलता, दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। इस संस्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी मेहनत, लगन, और उत्साह ने कॉलेज के शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल को समृद्ध किया है। परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन खेलकूद, कला, और अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह कॉलेज हमेशा आपके लिए खुला रहेगा। आप जहाँ भी रहें, जिस भी क्षेत्र में काम करें, हमेशा अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहें।

# रुको-रुको, बात करते हैं; एनकाउंटर में फंस गए 1000 नक्सली तो निकली हवा



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। 72 घंटों से ज्यादा वक्त से चल रहे एनकाउंटर को रोकने नक्सलियों ने चिट्ठी जारी की है। बीजापुर और तेलंगाना बॉर्डर पर चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन को तत्काल रोकने की अपील की है। नक्सलियों की उत्तर पश्चिम बस्तर ब्यूरो के प्रभारी रूपेश ने यह प्रेस नोट जारी किया है। उन्होंने कहा कि माओवादी संगठन बातचीत को तैयार है। केंद्रीय संगठन भी पत्र लिख चुका है। सरकार से अपील है कि बातचीत से समस्या का समाधान निकाला जाए और सैनिक ऑपरेशन कगार को रोका जाए।

बता दें कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। देश के मोस्ट वांटेड नक्सली नेताओं के साथ करीब एक हजार से अधिक नक्सलियों को घेरने के लिए बस्तर के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड , स्पेशल टास्क फोर्स , कोबरा, सीआरपीएफ, बस्तर फाइटर, महाराष्ट्र से ष्ट60 कमांडो और आंध्र प्रदेश के ग्रेहाउंड्स फोर्स के जवानों के साथ वायु सेना को भी शामिल किया गया है। इस ऑपरेशन में अब तक 3 महिला मारे गए हैं, जबकि दो दिन पहले दो जवान भी घायल हुए थे, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। बता दें कि इससे पहले भी नक्सलियों ने दो बार चिट्ठी भेजकर शांति वार्ता की अपील की है, लेकिन विष्णुदेव साय सरकार ने सशर्त बातचीत से इनकार कर दिया है।

नक्सलवाद पर शिकंजा कसने तीन दिन पहले ही ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस वायु सेना के एमआई-17 हेलीकाफ्टर, जगदलपुर, बीजापुर, तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र में तैनात किए गए। ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है। हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों की खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। इस ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर की सुरक्षा एजेंसियों की नजर टिकी हुई है। बीजापुर समेत महाराष्ट्र और तेलंगाना में पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद हैं। तीन राज्यों से ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही है। जवानों के निशाने पर कर्रेगुट्टा और नीलम सराय पहाड़ी है। ऑपरेशन के दौरान कुछ जवान डिहाइड्रेशन के शिकार भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भिजवाया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 6 हजार जवान तैनात किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जवानों ने खूंखार नक्सली हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े लीडर और उनकी बटालियन को घेर लिया है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर करीब 300 से ज्यादा नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि यह ऑपरेशन 72 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। इंटेलिजेंस के अनुसार नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन-पानी नहीं है। इधर जवानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसलिए हेलीकॉप्टर से फूड्स पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों के सामने अब कोई विकल्प नहीं बचा है। उनके सामने सरेंडर ही एकमात्र रास्ता है। सरेंडर नहीं करने पर मुठभेड़ में मारा जाना तय है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1,2 समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बड़े नेता हिड़मा, देवा, विकास समेत तेलंगाना-महाराष्ट्र-आंध्र की सेंट्रल कमेटी, डीकेएसजेडसीएम (दंण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर), एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर), संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना है। रायपुर राजधानी से गृह विभाग और इंटेलिजेंस की टीम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने पंजाब में सीमा पार तस्करी पर कसा शिकंजा, हेरोइन, हथियार और ड्रोन बरामद




**चंडीगढ़ , एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में सीमा पार से होने वाली तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन, हथियार और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ ने पंजाब के अलग-अलग इलाकों में अभियान चलाकर 1.935 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन, एक पिस्तौल, एक मैगजीन और एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन जब्त किया। यह कार्रवाई खुफिया जानकारी और त्वरित कार्रवाई के आधार पर की गई, जिससे तस्करों के मंसूबों को नाकाम कर दिया गया। बीएसएफ ने पंजाब के विभिन्न जिलों में समन्वित अभियान चलाए। अमृतसर जिले के दाओके गांव के पास एक खेत से जवानों ने 302 ग्राम हेरोइन बरामद की। यह बरामदगी तब हुई, जब बीएसएफ को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। जवानों ने तुरंत कार्रवाई कर तस्करी के इस सामान को जब्त किया। इसके अलावा, गुरदासपुर जिले के थेथरके गांव में तकनीकी निगरानी और अवरोधन (टेक्निकल सर्विलांस एंड इंटरसेप्शन) के जरिए एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया, जिसे तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। तरनतारन जिले के कलसियां गांव में भी बीएसएफ ने एक खेत से 1.633 किलोग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से भारत में नशे और हथियारों की तस्करी के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन सीमा पर तैनात जवान अपनी सतर्कता और खुफिया एजेंसियों के सहयोग से इन कोशिशों को विफल कर रहे हैं। बीएसएफ का कहना है कि उनकी टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि इससे पहले 22 अप्रैल को काउंटर इंटेलिजेंस (अमृतसर) ने मंगलवार को एक विशिष्ट सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमेरिका से जुड़े एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर लुधियाना से गुरविंदर सिंह उर्फ गुरी को गिरफ्तार किया गया था। गुरविंदर सिंह के कब्जे से 5 अवैध पिस्तौल बरामद की गई थीं। गुरविंदर सिंह, अमेरिका में रह रहे गुरलाल सिंह और विपुल शर्मा के निर्देश पर काम कर रहा था, जो इस नेटवर्क के मुख्य संचालक हैं। जांच से पता चला कि गुरविंदर, ड्रग तस्कर हरदीप सिंह का साला है।

### पंजाब महिला आयोग ने पहलगाम हमले के बाद कश्मीरी छात्रा के उत्पीड़न के आरोप पर संज्ञान लिया

**कश्मीर, एजेंसी।** कश्मीर की एक छात्रा ने दावा किया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पंजाब के मोहाली में कुछ स्थानीय लोगों ने उसका उत्पीड़न किया, जिसके बाद पंजाब राज्य महिला आयोग ने घटना पर स्वतः संज्ञान लिया। कश्मीरी छात्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुधवार को कुछ स्थानीय लोगों ने उसके और उसकी सहेली के साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें परेशान किया। आयोग की अध्यक्ष राज गिल ने शुक्रवार को मोहाली के एसएसपी दीपक पारीक को घटना की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए पत्र लिखा। गिल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' सख्त चेतावनी दी गई है कि जो कोई भी छात्रों को परेशान करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मैं व्यक्तिगत रूप से कश्मीर के सभी छात्रों के संपर्क में हूं और उन्हें उनकी सुरक्षा और पढ़ाई के लिए सुरक्षित स्थान का आश्वासन दिया है।'' इस बीच, पंजाब के पुलिस उप महानिरीक्षक हरचरण सिंह भुल्लर ने मोहाली के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा किया और बाहरी छात्रों की सुरक्षा के संबंध में उनके संकायों और प्रबंधन के साथ बैठकें कीं। इस बीच भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (पंजाब) के अध्यक्ष इशरप्रीत सिंह ने कश्मीरी छात्रा के उत्पीड़न की घटना की निंदा की और मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

## अमरनाथ यात्रा सफलतापूर्वक आयोजित की जाएगी: पीयूष गोयल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में दो दर्जन से अधिक नागरिकों की नृशंस हत्याओं से उत्पन्न निराशा और दहशत के बावजूद, जम्मू-कश्मीर सरकार वार्षिक अमरनाथ यात्रा को जारी रखने के लिए कृतसंकल्प है, जो जुलाई के आरंभ में शुरू होने वाली है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक अमरनाथ यात्रा के बारे में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आश्वस्त किया। गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगा, उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत इस क्षेत्र को इसके विकास की यात्रा से विचलित नहीं कर सकती। हालांकि इस साल यह यात्रा केवल 38 दिनों की होगी, जो 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगी, लेकिन सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए पवित्र गुफा में आने के लिए 15 दिनों की छोटी अवधि रखी जा सकती है, क्योंकि लगभग 50-70प्रतिशत यात्री तीर्थयात्रा के पहले पखवाड़े में आते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार के एक अधिकारी ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि गर्म मौसम के कारण बर्फ का शिवलिंग अक्सर पहले 15 दिनों के बाद पिघल जाता है, जिससे बाद के दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या कम हो जाती है। उन्होंने भारतीय लोगों के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत के लोग इतने सक्षम और आश्वस्त हैं कि पर्यटन फिर से शुरू होगा, अमरनाथ यात्रा सफलतापूर्वक आयोजित की जाएगी, और कोई भी कश्मीर को उसके विकास के मार्ग से नहीं हटा सकता। इस वर्ष की श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं, जो देश भर में पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, जेएंडके बैंक और यस बैंक की 533 शाखाओं के माध्यम से उपलब्ध हैं।

## एनएच 352डब्ल्यू इस साल दिसंबर माह तक बनकर तैयार हो जाएगा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम-पटौदी और रेवाड़ी को जोड़ रहा एनएच 352डब्ल्यू इस साल दिसंबर माह तक बनकर तैयार हो जाएगा। यह हाईवे मार्च, 2023 तक बनकर तैयार हो जाना चाहिए था, लेकिन अड़चनों और बदलाव के चलते इसके निर्माण में देरी होती चली गई। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा करीब 45 किलोमीटर लंबे इस नेशनल हाईवे को करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। यह हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-84 से शुरू होता है, जो गांव वजीरपुर से गुरुग्राम-पटौदी रोड होता हुआ रेवाड़ी की तरफ जाता है। इस हाईवे पर 25 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा रहे हैं। इसके बनने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। मौजूदा समय में इस हाईवे का करीब 66 प्रतिशत निर्माण कार्य हुआ है। इसमें चार हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम तो एक डीडीएएल की है। बीबीएमबी की एक हाईटेंशन लाइन है, जिसकी शिफ्टिंग के ऊपर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का स्टे है। इन हाईटेंशन केबल के चलते निर्माण कार्य अटका हुआ है। सेक्टर-84 के पास एचएसवीपी ने बरसाती नाला तैयार किया था। इस बरसाती नाले को तोड़ा जाना है। एचएसवीपी ने इस बरसाती नाले के तोड़फोड़ के काम को अधर में छोड़ दिया है। इस वजह से सर्विस रोड नहीं बन पा रही है। पटौदी में रेलवे लाइन के नीचे से अंडरपास का निर्माण होना है। इसकी मंजूरी अभी रेलवे विभाग से नहीं मिली है। मंजूरी मिलने के बाद इसका काम शुरू हो जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे पर बन रहा फ्लाईओवर इस हाईवे को द्वारका एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए एक फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसका अभी 40 प्रतिशत ही निर्माण हुआ है। फ्लाईओवर के जुड़ने के बाद द्वारका एक्सप्रेसवे से पटौदी या रेवाड़ी की तरफ लोगों का आवागमन करना आसान हो जाएगा। प्रकाश तिवारी, प्रबंधक, एनएचएआई, इस साल 31 दिसंबर तक राष्ट्रीय राजमार्ग 352 डब्ल्यू तैयार हो जाएगा। इसके निर्माण से कुछ अड़चन आ रही हैं। इन अड़चनों को दूर किया जा रहा है।

## पाकिस्तान से हमदर्दी बर्दाश्त नहीं, पहलगाम हमले के बाद तीन राज्यों में 11 गिरफ्तारी



**सिलचर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों के चलते असम, मेघालय और त्रिपुरा में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जानकारी दी कि राज्य में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक विपक्षी विधायक भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट करते हुए लिखा, असम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेगा जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पाकिस्तान का समर्थन करता है या इस जघन्य आतंकी हमले को सही ठहराने की कोशिश करता है। गिरफ्तार किए गए लोगों में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम भी शामिल हैं, जिन पर राजद्रोह का आरोप लगाया गया है। सिलचर के असम विश्वविद्यालय के एक छात्र को भी भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

**हैलाकांडी:** मोहम्मद जबीर हुसैन (पत्रकार)

**सिलचर:** मोहम्मद ए.के. बहाउद्दीन (कंप्यूटर साइंस छात्र, असम यूनिवर्सिटी), मोहम्मद जावेद मजूमदार (वकील)

**मोरीगांव:** मोहम्मद महाहर मिया उर्फ मोहम्मद मुजिहिरुल इस्लाम

**नगांव:** मोहम्मद अमिनुल इस्लाम (एआईयूडीएफ विधायक)

**शिवसागर:** मोहम्मद साहिल अली

इसके अलावा असम पुलिस ने दो और गिरफ्तारियां की हैं -मो. जरीफ अली (25 वर्षीय) अनिल बानिया (सत्रा मुक्ति संग्राम परिषद के जिला सचिव और छात्र नेता)उधर, मेघालय में 30 वर्षीय साइमन शायला को गुरुवार को ईस्ट खासी हिल्स जिले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, उसने एक न्यूज चैनल के वीडियो पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उस पर आपराधिक साजिश, धार्मिक विद्वेष फैलाने और राष्ट्रीय अखंडता को खतरे में डालने जैसे आरोप लगे हैं।

## जेफ्री एपस्टीन के वेश्यावृति नेटवर्क का भंडाफोड़ करने वाली वर्जीनिया की मौत, ऑस्ट्रेलिया में की आत्महत्या



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के हाई प्रोफाइल वेश्यावृति नेटवर्क का खुलासा करने वाली वर्जीनिया गेफ्री की मौत हो गई है। वर्जीनिया ने आत्महत्या की है। वर्जीनिया वेश्यावृत्ति के मास्टरमाइंड अरबपति जेफ्री एपस्टीन के शोषण की सबसे प्रमुख शिकार थी। वर्जीनिया (41 वर्षीय) के परिवार ने भी उसके आत्महत्या करने की पुष्टि की है।

वर्जीनिया उन आवाजों में से एक थी, जिसने शारीरिक शोषण और मानव तस्करी और खासकर जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आवाज उठायी। वर्जीनिया की वजह से ही कई अन्य पीड़ितों को भी ताकत मिली, जिससे जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ मुकदमा शुरू हो सका। वर्जीनिया ने ही जेफ्री के खिलाफ अदालत में गवाही दी और जेफ्री को वेश्यावृत्ति का नेटवर्क चलाने और बड़ी संख्या में महिलाओं के यौन शोषण और मानव तस्करी का दोषी ठहराया गया। उल्लेखनीय है कि जेफ्री एपस्टीन ने भी साल 2019 में जेल में रहने के दौरान ही आत्महत्या कर ली थी। वर्जीनिया के परिवार ने बयान जारी कर कहा कि बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि बीती रात वर्जीनिया ने अपने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया स्थित फार्म पर आत्महत्या कर ली। वह जीवनभर शारीरिक शोषण और यौन तस्करी से जूझती रही। परिवार ने कहा कि शारीरिक शोषण का बोझ उसके मन पर इतना ज्यादा था, जो वर्जीनिया के लिए असहनीय हो गया था और उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। वर्जीनिया की जीवन बहुत मुश्किलों से भरा रहा। फ्लोरिडा में अपने शुरुआती जीवन में ही वर्जीनिया का परिवार के ही एक करीबी व्यक्ति ने यौन शोषण किया। इसके चलते वर्जीनिया को सड़कों पर रहना पड़ा।

जब वह किशोर थी तो उसी दौरान वह जेफ्री एपस्टीन के करीबी मैक्सवेल के संपर्क में आई। इसके बाद साल 1999 से लेकर 2002 तक जेफ्री एपस्टीन ने वर्जीनिया का शोषण किया।

वर्जीनिया ने आरोप लगाया कि जेफ्री एपस्टीन ने उसे वेश्यावृत्ति में धकेला और उसे कई हाई प्रोफाइल लोगों के पास भेजा गया। इनमें प्रिंस एंड्रयू और मॉडलिंग एजेंट जीन ल्यूक ब्रूनेल आदि का नाम भी शामिल है। हालांकि प्रिंस एंड्रयू ने वर्जीनिया के आरोपों से इनकार किया था।

## धर्म के आधार पर वोट देने की अपील, सिंगापुर सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाया प्रतिबंध

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में जल्द ही आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सिंगापुर की सरकार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और जो भी सोशल मीडिया अकाउंट मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सिंगापुर मूल के ऑस्ट्रेलियाई और दो मलेशियाई राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर भी दिए गए हैं। दरअसल इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की पोस्ट में सिंगापुर सरकार की धार्मिक मामलों को हैंडल करने के तरीके की आलोचना की गई थी और लोगों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की गई थी। सिंगापुर में आगामी 3 मई को चुनाव होने हैं। इस बीच सिंगापुर के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कई अकाउंट्स को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। इनमें से एक अकाउंट जुल्फीकार बिन मोहम्मद शरीफ का है, जो सिंगापुर मूल का ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। शरीफ पर आरोप है कि उसका इस्लामिक स्टेट से ताल्लुक है और सिंगापुर में उसे आईएस से संबंधों और आतंकवाद को बढ़ावा देने के चलते हिरासत में भी लिया गया था। शरीफ ने सिंगापुर के मलय मूल के लोगों से अपील की कि सिंगापुर की संसद मलय मुस्लिम लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में नाकाम रही। शरीफ ने लोगों से वोट ने देने की अपील की। शरीफ की पोस्ट का असर ये हुआ कि सिंगापुर के कई नागरिक भी उसके प्रभाव में आ गए और उसकी पोस्ट को रिपोस्ट किया। मलेशिया के दो राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट भी प्रतिबंधित किए गए हैं। इन दोनों नेताओं पर भी आरोप है कि उन्होंने सिंगापुर के मुस्लिम मतदाताओं को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की थी और विपक्षी नेताओं का समर्थन किया गया था और सिंगापुर सरकार के कई फैसलों की आलोचना भी की थी। सिंगापुर के गृह विभाग और चुनाव आयोग ने बयान जारी कर यह पूरी जानकारी दी है। बता दें कि सिंगापुर में कुल 27.58 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जो 3 मई को मतदान करेंगे।

# क्वेटा में आईडी ब्लास्ट, 10 पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों की मौत

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में शुक्रवार देर शाम को आईडी ब्लास्ट में पाकिस्तानी फौज के 10 जवान मारे गए। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बम निरोधक दस्ते के काफिले को निशाना बनाकर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईडी) से हमला किया। विद्रोही गुट बीएलए ने हालिया महीनों में बलूचिस्तान में लगातार पाकिस्तानी फौज और सरकार के लोगों को निशाना बनाया है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उनके हमले में 10 पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों की मौत हुई है। जीयंद बलूच ने कहा कि क्वेटा के मार्गट में रिमोट कंट्रोल से आईडी हमला करके पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा है कि पाकिस्तान की सेना बलूचिस्तान के लोगों का दमन करती है। ऐसे में वह अपने लोगों की आजादी के लिए लड़ रही है। वह दुश्मन सेना (पाक फौज) के खिलाफ अभियान तेजी के साथ जारी रखेगा। क्वेटा हमले के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जान गंवाने वाले जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी क्वेटा में हुए हमले की निंदा की। उन्होंने घायल कर्मियों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने बलूचिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में लगभग 450 पैसेंजर सवार थे। बीएलए ने जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की थी। इसके बाद पाकिस्तानी सेना और बलूच लड़ाकों के बीच 48 घंटे लड़ाई चली थी। पाकिस्तानी सेना दावा किया था कि 33 बलूच लड़ाके मारे गए हैं और सभी बंधकों को रिहा करा लिया गया। जबकि बलूच लड़ाकों ने 100 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया था।



बलूच लिबरेशन आर्मी क्या है

बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे, लेकिन बिना उनकी मर्जी से उन्हें पाकिस्तान में शामिल कर दिया गया था। इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है। बीएलए की प्रमुख मांग पाकिस्तान से अलग होकर बलूचिस्तान देश का गठन करना है। बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं। इनमें बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे ताकतवर संगठन है। ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया, लेकिन 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है। बीएलए बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उबलूच लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था। पाकिस्तानी सेना ने नौ आतंकियों को मारने का दावा किया है। सेना की मीडिया विंग- इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से लगे बन्नू जिले में आतंकियों के खिलाफ 23-24 अप्रैल की रात को अभियान चलाया गया था।

## रूसी सेना के जनरल की कार धमाके में मौत:ब्लास्ट के समय कार के पास खड़े थे

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के शहर बालाशिखा में शुक्रवार को रूसी जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की कार बम धमाके में मौत हो गई। ये हादसा उसी दिन हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। वे रूसी सेना के जनरल स्टाफ के मेन ऑपरेशन्स डायरेक्टोरेट के डिप्टी हेड थे। धमाके में इस्तेमाल की गई कार वोल्क्सवैगन गोल्फ थी। रूसी जांच समिति ने उनकी मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि धमाका एक आईईडी से किया गया था, जिसमें धातु के नुकीले टुकड़े भरे थे। रूस के सैन्य ब्लॉग रायबार ने कहा है कि जब धमाका हुआ तब जनरल मोस्कालिक कार के अंदर नहीं थे, बल्कि पास की एक इमारत से बाहर निकलने के बाद कार के करीब खड़े थे। हालांकि इस जानकारी की अलग से पुष्टि नहीं हो सकी है। मोस्कालिक के बारे में रायबार ब्लॉग में लिखा है कि वे काबिल और सख्त अधिकारी थे और अपने जूनियर्स पर बहुत सख्त रहते थे, इसलिए उन्हें ज्यादा पसंद नहीं किया जाता था। इस हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। लेकिन हमला उसी तरह का है जैसा पहले भी रूसी अफसरों को पर किया जा चुका है। पिछले साल दिसंबर में जनरल इगोर किरिलोव की मौत मॉस्को में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगे बम के फटने से हुई थी।

# रजनीकांत की फिल्म, मेकर ने दांव पर लगाई जिंदगी भर की कमाई

साउथ इंडस्ट्री में भी भारी-भरकम बजट की फिल्में बनाने का चलन है. लेकिन 34 साल पहले एक ऐसी पैन-इंडिया फिल्म आई थी जिसके लिए मेकर्स ने अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया था. उस दौर के बड़े-बड़े एक्टर्स, भारी-भरकम बजट में बनी ये फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो औंधे मुंह गिरी. ये किस्सा साल 34 साल पहले आई फिल्म शांति-क्रांति का है. इस फिल्म में वी रविचंद्रन, रजनीकांत, अरविंद, खुशबू और जूही चावला ने लीड रोल अदा किया था.



वी रविचंद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट 10 करोड़ रुपए था. वी. रविचंद्रन ने शांति-क्रांति के निर्देशन के साथ ही इसकी कहानी भी लिखा भी थी और इसे प्रोड्यूस भी किया था. फिल्म के कन्नड़ वर्जन में वी रविचंद्रन ने खुद लीड रोल अदा किया था. वहीं, लुगु में नागार्जुन और तमिल और हिंदी में रजनीकांत लीड रोल में थे.


### डायरेक्टर ने फिल्म के लिए खूब पैसा बहाया था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये मल्टीस्टारर फिल्म वी रविचंद्रन के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल थी. इसके लिए उन्होंने पानी की तरह पैसा बहाया था. इन रिपोर्ट्स में किए गए दावों के अनुसार फिल्म डायरेक्टर ने क्लाइमेक्स के लिए 50 एकड़ खाली जमीन किराये पर ली थी और भव्य सेट्स पर भी खूब पैसा बहाया था. भव्य स्तर पर तैयार हुई इस फिल्म के बनकर तैयार होने में कई सालों का समय लगा था. शांति-क्रांति की शूटिंग साल 1988 में शुरू हुई थी और फिल्म 1991 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी.

### ग्राउंड जीरो बनाम केसरी 2 कलेक्शन

# इमरान हाशमी का बॉक्स ऑफिस पर 'प्रहार'

इमरान हाशमी की मिलिट्री ड्रामा 'ग्राउंड जीरो' बॉक्स ऑफिस पर अन्य बॉलीवुड फिल्मों से कॉम्पिटिशन कर रही है जैसे की सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की 'केसरी 2' पहले से ही मौजूद है. वहीं अब प्रतीक गांधी की 'फुले' भी ग्राउंड जीरो के साथ ही रिलीज हुई है. बावजूद इमरान की फिल्म का कलेक्शन ठीक ठाक हो रहा है.





### 'ग्राउंड जीरो' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2

इमरान हाशमी की हालिया फिल्म 'ग्राउंड जीरो' ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़त दर्ज की, इस सैन्य ड्रामा ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की. दूसरे दिन, फिल्म की कमाई बढ़कर 1.90 करोड़ रुपये हो गई, जिससे कुल कलेक्शन 3.05 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि वीकेंड के हिसाब से यह कलेक्शन ज्यादा नहीं है लेकिन बॉक्स ऑफिस पर अन्य कॉम्पिटिशन देखते हुए यह कलेक्शन ठीक ठाक माना जा सकता है. शनिवार को, 'ग्राउंड जीरो' ने कुल 13.64 प्रतिशत हिंदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की. सुबह के शो में 5.60 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी देखी गई, जबकि दोपहर के शो में 14.99 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी थी. शाम और रात के शो में क्रमशः 13.62 प्रतिशत और 20.34 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई.

### 'केसरी 2' कलेक्शन

अक्षय कुमार आर माधवन और अनन्या पांडे स्टारर 'केसरी 2' को रिलीज हुए 2 हफ्ते से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. फिल्म ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग की थी. इस फिल्म का एक हफ्ते का कलेक्शन 46.1 करोड़ रुपये हो गया था. वहीं मेकर्स ने इसके 9 दिनों का कलेक्शन सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

जिसके मुताबिक फिल्म ने नौ दिनों में 57.79 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. वहीं सैकनिल्क के मुताबिक 10वें दिन का अनुमानित कलेक्शन 3.98 करोड़ रुपये है (अब तक) तो इसके समेत दस दिनों का कलेक्शन 61.77 करोड़ रुपये हो गया है.

# जैकलीन-सुकेश पर बनेगी डॉक्यू-सीरीज!



जैकलीन फर्नांडीज के साथ सुकेश चंद्रशेखर के साथ कथित रिलेशनशिप ने 2021 में सुर्खियां बटोरीं और अब ऐसा लग रहा है कि यह कहानी स्ट्रीमिंग की दुनिया में भी आ रही है. एक ओटीटी प्लेटफॉर्म कथित तौर पर सुकेश के जीवन पर आधारित एक एंटरटेनिंग डॉक्य-ूमेंट्री-सीरीज बना सकता है. जिसमें कुख्यात 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली कांड भी शामिल है. वहीं जैकलीन से कहानी पर अपना एक्सपीरियंस शेयर करने के लिए अप्रोच किया गया है.

### OTT पर डॉक्यू सीरीज होगी स्ट्रीम

रिपोर्ट के अनुसार स्ट्रीमिंग दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म कथित तौर पर सुकेश चंद्रशेखर के विवादास्पद सफर में गहराई से उतरने की योजना बना रहे हैं. उनके शुरूआती लॉटरी घोटालों से लेकर हाई-प्रोफाइल लग्जरी गिफ्ट रैकेट तक जिसने देश का ध्यान खींचा, सबकुछ इसमें शामिल होगा. रिपोर्ट्स की मानें तो जैकलीन भी इसका प्रमुख हिस्सा हो सकती हैं.

जैकलीन फर्नांडीज के साथ सुकेश चंद्रशेखर के साथ कथित रिलेशनशिप ने 2021 में सुर्खियां बटोरीं और अब ऐसा लग रहा है कि यह कहानी स्ट्रीमिंग की दुनिया में भी आ रही है. एक ओटीटी प्लेटफॉर्म कथित तौर पर सुकेश के जीवन पर आधारित एक एंटरटेनिंग डॉक्यूमेंट्री-सीरीज बना सकता है. जिसमें कुख्यात 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली कांड भी शामिल है. वहीं जैकलीन से कहानी पर अपना एक्सपीरियंस शेयर करने के लिए अप्रोच किया गया है.



### OTT पर डॉक्यू सीरीज होगी स्ट्रीम

रिपोर्ट के अनुसार स्ट्रीमिंग दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म कथित तौर पर सुकेश चंद्रशेखर के विवादास्पद सफर में गहराई से उतरने की योजना बना रहे हैं. उनके शुरूआती लॉटरी घोटालों से लेकर हाई-प्रोफाइल लग्जरी गिफ्ट रैकेट तक जिसने देश का ध्यान खींचा, सबकुछ इसमें शामिल होगा. रिपोर्ट्स की मानें तो जैकलीन भी इसका प्रमुख हिस्सा हो सकती हैं.

**जैकलीन फर्नांडीज के साथ सुकेश चंद्रशेखर के साथ कथित रिलेशनशिप ने 2021 में सुर्खियां बटोरीं और अब ऐसा लग रहा है कि यह कहानी स्ट्रीमिंग की दुनिया में भी आ रही है.**

## खेल

### संक्षिप्त समाचार

### लाहिड़ी एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी में संयुक्त 19वें स्थान पर



**मैक्सिको सिटी (एजेंसी)** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी के दूसरे दौर में ट्रिपल बोगी कर पार 71 का कार्ड खेल कर संयुक्त 19वें पायदान पर है। लाहिड़ी ने छह बर्डी लगायी लेकिन वह तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। उन्होंने पार पांच के 12 वें होल को आठ शॉट में पूरा किया। उन्होंने इससे पहले शुरूआती दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला था। ब्रायसन डेचैम्बो (63-66) ने 18वें होल पर बर्डी की बदौलत कैमरून स्मिथ (64-66) पर एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली।

### इस्लामाबाद में होने वाले एशियाई वॉलीबॉल टूनार्मेंट से हटा भारत

**लाहौर (एजेंसी)** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाले मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूनार्मेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी (अनापत्ति पत्र) को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, यह जानकर निराशा हुई कि भारत ने चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है और उनकी जगह अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम लेगी। इस प्रतियोगिता में ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी।

# भारत के 14 मुक्केबाज अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

**अम्मान (जॉर्डन) (एजेंसी)** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गये।अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की।

मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी।



पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने।

उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खेदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई। इन सभी ने अंकों के आधार पर जीत हासिल की। भारत इस प्रतियोगिता में 43 पदक पहले ही अपने नाम पर पक्का कर चुका है।

### रिकलटन और सूर्यकुमार के अर्धशतक

# मुंबई इंडियंस ने बनाए सात विकेट पर 215 रन

**मुंबई (एजेंसी)** मुंबई इंडियंस ने विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सात विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया। अंत में नमन धीर ने 11 गेंद में दो चौके और दो छक्के से नाबाद 25 रन और कॉर्बिन बॉश ने 10 गेंद में 20 रन का योगदान दिया। विल जैक्स ने 29 रन बनाए। एलएसजी के लिए आवेश खान और मयंक यादव ने दो दो विकेट हासिल किए।



### लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया

**मुंबई:** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। एलएसजी ने शार्दुल ठाकुर की जगह मयंक यादव को अंतिम एकादश में शामिल कया। मुंबई ने दो बदलाव करते हुए अंतिम एकादश में कर्ण शर्मा की वापसी कराई जबकि कोर्बिन बॉश को पदार्पण कराया।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ किया त्रिकोणीय श्रृंखला का आगाज

**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम ने तीन देशों की एकदिवसीय श्रृंखला के बारिश से प्रभावित शुरूआती मैच में रविवार को यहां श्रीलंका को नौ विकेट से शिकस्त दी।

बारिश के कारण यह मैच तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को 38.1 ओवर में 147 रन पर आउट करने के बाद 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने नाबाद 50 और हरलीन देओल ने नाबाद 48 की शानदरा पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 43 रन का योगदान दिया।

### पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान में भारतीय खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी



**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताते हुए रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। कश्मीर घाटी के इस लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की हत्या कर दी। इनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले की दुनिया भर में कड़ी निंदा की गई है। दक्षिण अफ्रीका इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम है। बारिश के कारण तीन घंटे की देरी से शुरू हुए इस मैच में भारत पहले गेंदबाजी कर रहा है। मैच को 39 ओवर प्रति पारी कर दिया गया है।

### साइकिल पर रविवारः खेल मंत्रालय की मोटापे से लड़ने के लिए अनूठी पहल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के खेलों के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनने के प्रयासों पर देश की वह आबादी तुषारपात कर सकती है जो अगले दो दशकों में मोटापे के संकट का सामना करेगी।

खेल मंत्रालय इस खतरे से अच्छी तरह से वाकिफ है और इसलिए वह अपने फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनाने की कोशिश कर रहा है जिसकी भारत को स्वास्थ्य संकट से बचाने के लिए सख्त जरूरत है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को कम उपदेशात्मक और अधिक मनोरंजक तरीके से घर-घर पहुंचाया जाए, खेल मंत्री मनसुख मांडविया सक्रिय रूप से संडेज ऑन साइकिल (साइकिल पर रविवार) की पहल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसे पिछले साल दिसंबर में शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत आम आदमी,



खिलाड़ी और अपने क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां रविवार को सुबह-सुबह साइकिल चलाने, स्वस्थ जीवन शैली के लिए अभियान चलाने और कार्बन पदचिह्न में कमी लाने के लिए भारत के विभिन्न स्थानों पर एक साथ जुटते हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव ने पीटीआई से कहा, अब तक 5,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया है। हमारे भागीदारों में आईटीबीपी, भारतीय सेना, खेल क्लब, विशिष्ट साइक्लिंग क्लब और फिक्की शामिल हैं।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।